नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार
27 मार्च 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 27 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

वो मर जाएगा, लेकिन झुकेगा नहीं..., पुष्पा स्टाइल में संजय राउत ने किया कुणाल कामरा का समर्थन

मुबंई। राउत ने कहा कि कलाकार कथित धमकियों से डरने या समर्पण करने की बजाय मरना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि कुणाल कामरा को कौन धमका रहा है और क्यों। कुणाल कामरा को मैं कई सालों से जानता हूं। वह ऐसे कलाकार नहीं हैं जो धमकियों से डर जाएं। वह झुकेगा नहीं। कुणाल कामरा को बुधवार को शिवसेना नेता संजय राउत का समर्थन मिला। राज्यसभा सांसद ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कॉमेडियन के ''गद्दार' वाले बयान को लेकर उठे विवाद के बीच अपना समर्थन व्यक्त किया। राउत ने कहा कि कलाकार कथित धमकियों से डरने या समर्पण करने की बजाय मरना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि कुणाल कामरा को कौन धमका रहा है और क्यों। कुणाल कामरा को मैं कई सालों से जानता हूं।

शेष पेज 2 पर

योगी सरकार के आठ साल: आगरा को दी 128 योजनाओं की सौगात, बोले-

मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी से जिले की पहचान

आगरा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकार के आठ साल पूरे होने पर 635 करोड़ की 128 योजनाओं का तोहफा दिया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि आगरा की पहचान मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी से है।

आगरा के जीआईसी मैदान में आए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 635 करोड़ की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान पर अपनी

सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीआईसी मैदान पर उन्होंने 635 करोड़ रुपये की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मौजूद लाभार्थियों और लोगों से कहा आगरा की पहचान मुगलों से नहीं है, आगरा की पहचान छत्रपति शिवाजी, राधारानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत सजाने के साथ विकास भी कर रही है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, नैमिषारण्य बटेश्वर इसके उदाहरण हैं। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दे रही है। 8.50 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। हाल में ही पुलिस भर्ती में 60 हजार युवाओं को नौकरी दी गई है। इनमें 12 हजार बेटियां हैं।

सीएम ने कहा कि पहले की सरकार में गुंडे माफिया और दंगाई हावी थे।

शेष पेज 2 पर

अब वॉर किया जाएगा...केजरीवाल ने बदलता पंजाब का लिया संकल्प

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब का 2025-26 बजट एक नशामुक्त, स्वस्थ और समृद्ध पंजाब की ओर एक साहसिक कदम है! नशे के खिलाफ जंग, ग्रामीण विकास और खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर में अब तक का सबसे बड़ा निवेश। आम आदमी पार्टी की सरकार जमीन पर असली बदलाव ला रही है। अब उड़ता पंजाब नहीं, बदलता पंजाब होगा। अपने बजट भाषण के दौरान चीमा ने नशे की समस्या को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार के मादक पदार्थ रोधी अभियान के बारे में बात की।

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के लिए 2.36 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें मादक पदार्थ की समस्या से निपटने और स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान

केंद्रित किया गया है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से भी बयान सामने आया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के खिलाफ जबरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी की सरकारों में पंजाब को उन्होंने उड़ता पंजाब के नाम से बदनाम किया था। अब लोग मिलकर बदलता पंजाब बना रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब का 2025-26 बजट एक नशामुक्त, स्वस्थ और समृद्ध पंजाब की ओर एक साहसिक कदम है! नशे के खिलाफ जंग, ग्रामीण विकास और खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर में अब तक का सबसे बड़ा निवेश। आम आदमी पार्टी की सरकार जमीन पर असली बदलाव ला रही है। अब उड़ता पंजाब नहीं, बदलता पंजाब होगा।

शेष पेज 2 पर

वीरता-राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं, राणा सांगा मामले में अखिलेश यादव ने लिया यू-टर्न

लखनऊ। विवाद बढ़ता देख अब सपा मुखिया की तरफ से भी इसपर बयान आ गया है। राणा सांगा मामले में अखिलेश यादव ने विवाद बढ़ने के बाद अब यू-टर्न ले लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि राणा सांगा की वीरता राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं है। अखिलेश ने कहा कि इतिहास पुरुष का अपमान करना उद्देश्य नहीं है।

मेवाड़ के सबसे बड़े महराणा, एक ऐसे व्यक्ति जो शासक के तौर पर हिंदपथ कहलाए। एक हिंदू महान राष्ट्र बनाने में जो उन्होंने सफलता हासिल की थी उसकी गाथाएं लिखी जाती हैं। 80 चोटों का जिक्र होता है। एक हाथ के कटने का और एक हाथ के जाने का फिर भी युद्ध के मैदान में मुगलों को भगाने का श्रेय उन्हें जाता है।

लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के आपत्तिजनक बयान के बाद सियासी पारा हाई हो गया है।

शेष पेज 2 पर

आईजी, डीजी, एआईजी एवं चार आईपीएस समेत एडिश्नल एसपी के ठिकानों पर सीबीआई की दबिश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। सीबीआई की छापेमारी ने बुधवार को पूरे देश में हड़कंप मचा दिया है। देश में पहली बार हुआ है, जो चार आईपीएस क्ढर और दो एडिश्नल एसपी सहित पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी हुई है। सीबीआई ने अपने बयान में बताया है कि चार राज्यों के 60 से ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। दरअसल पूरा मामला छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप घोटाले से जुड़ा है। जांच में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (उइक) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई की आंच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा सहित चार आईपीएस अधिकारियों तक पहुंच गई है।

उइक ने रायपुर, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली समेत 60 से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। उइक की इस कार्रवाई में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ-साथ कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और नौकरशाहों के ठिकानों पर छापे मारे गये। जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है, उनमें शामिल हैं: डॉ. आनंद छाबड़ा - उस समय रायपुर और इंटेलिजेंस आईजी, वर्तमान में आईजी ट्रेनिंग। आरिफ शेख - उस समय रायपुर के एसएसपी, वर्तमान में आईजी सीएएफ। प्रशांत अग्रवाल - उस समय रायपुर एसपी, वर्तमान में डीआईजी। डॉ. अभिषेक पल्लव- उस समय दुर्ग एसपी, वर्तमान में एआईजी। संजय ध्रुव- उस समय एडिशनल एसपी दुर्ग। अभिषेक माहेश्वरी - उस समय एडिशनल एसपी रायपुर और क्राइम एएसपी। उइक की टीम ने रायपुर स्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अरढ) अभिषेक माहेश्वरी के घर भी छापा मारा, लेकिन घर पर कोई मौजूद न होने के कारण उसे सील कर दिया गया। महादेव सट्टा एप 2016 में छत्तीसगढ़ के तीन युवकों- सौरभ चंद्राकर, अतुल अग्रवाल और रवि उप्पल- द्वारा लॉन्च किया गया था। इस ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म पर क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और अन्य खेलों के अलावा चुनाव परिणामों पर भी दांव लगाए जाते थे। धीरे-धीरे यह एप अवैध जुआ गतिविधियों का केंद्र बन गया। इसके प्रमोटर फिलहाल दुबई में हैं और जांच एजेंसियों को उन पर लोक सेवकों को ह्यसुरक्षा धनह्ल के रूप में मोटी रकम देने का संदेह है।

शेष पेज 2 पर

लोकसभा में क्या हुआ? स्पीकर की नसीहत पर क्यों नाराज हुए राहुल गांधी?

नई दिल्ली। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पर चर्चा की। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास होगा, रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत को सहकारी क्षेत्र का पहला विश्वविद्यालय मिलेगा।

संसद की कार्यवाही के दौरान, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि उन्हें सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उनकी टिप्पणी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उन्हें प्रक्रिया के नियमों का पालन करने के लिए कहने के बाद आई है, जिसका पालन सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए अपेक्षित है। इस घटनाक्रम के बाद, कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और गांधी को सदन में बोलने का



अवसर न दिए जाने का मुद्दा उठाया, जिसे कांग्रेस नेता के बोलने के लिए खड़े होने पर स्थगित कर दिया गया। आज दोनों सदनों में सामान्य कामकाज भी हुआ। राज्य सभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक पर चर्चा हुई। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पर चर्चा की। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास होगा, रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत को सहकारी क्षेत्र का पहला विश्वविद्यालय मिलेगा।

शेष पेज 2 पर

'ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो गुझिया भी खानी पड़ेगी'

पीस कमेटी की बैठक में बोले सीओ अनुज चौधरी

संभल । पीस कमेटी की बैठक के दौरान हुई बातचीत में सीओ अनुज चौधरी का एक और बयान वायरल हो रहा है। वह वीडियो में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहते हैं कि अगर आप ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी।

संभल के सीओ अनुज चौधरी ने पीस कमेटी की बैठक में कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, न कि किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कार्रवाई करना। हम केवल इतना चाहते हैं कि शांति व्यवस्था बनी रहे और

कोई भी उपद्रव न हो। सीओ ने कहा कि अगर आप ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी।

इससे पहले बैठक में एएसपी श्रीश्चंद ने स्पष्ट किया कि कोतवाली संभल क्षेत्र में मस्जिद और ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। सड़कों पर किसी भी हालत में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

शेष पेज 2 पर

'माओवाद' ■ लाल आतंक पर नकेल, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित

जिलों की संख्या घटकर हुई '38', कब खत्म होगा 'माओवाद'?

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश में वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से समाप्त करने की घोषणा की है। इसके प्रमाण भी दिखने लगे हैं। अप्रैल 2018 तक वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर 90 रह गई है, जुलाई 2021 तक यह संख्या 70 और फिर अप्रैल 2024 तक 38 रह गई है।

वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के खतरे से समग्र रूप से निपटने के लिए, भारत सरकार (जीओआई) ने 2015 में 'एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' को मंजूरी दी थी। इस नीति में सुरक्षा संबंधी उपायों, विकास हस्तक्षेपों, स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हकों को सुनिश्चित करने आदि से जुड़ी एक बहुआयामी रणनीति की

परिकल्पना की गई है। नीति के दृढ़ कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप हिंसा और भौगोलिक विस्तार में लगातार कमी आई है। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। अप्रैल 2018 तक वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर 90 रह गई है, जुलाई 2021 तक यह संख्या 70 और फिर अप्रैल 2024 तक 38 रह गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश में वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से समाप्त करने की घोषणा की है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही है। उन्होंने बताया, वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) द्वारा हिंसा की घटनाएं जो 2010 में अपने उच्चतम स्तर 1936 पर पहुंच गई थीं, 2024 में घटकर 374 रह गई हैं। यानी 81 प्रतिशत की कमी आई है। इस अवधि के दौरान कुल मौतों (नागरिक + सुरक्षा बल) की संख्या भी 85 प्रतिशत घटकर 2010 में 1005 से 2024 में 150 हो गई है।

पिछले 06 वर्षों के दौरान, वामपंथी उग्रवादियों द्वारा हिंसा की घटनाएं जो 2019 में 501 थीं, 2024 में घटकर 374 हो गई हैं, यानी 25 प्रतिशत की कमी। इस अवधि के दौरान कुल मौतों (नागरिक + सुरक्षा बल) की संख्या भी 26 प्रतिशत घटकर 2019 में 202 से 2024 में 150 हो गई है।

शेष पेज 2 पर

मार्च में ही सूरज ने दिखाए तेवर, 14 साल में सबसे गर्म दिन रहा 26 मार्च

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । राजधानी में बीते तीन दिनों से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण गर्मी अभी से पसीने छुड़ा रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

राजधानी में सूरज ने मार्च माह से ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में 2011 से 14 साल बाद बुधवार सबसे गर्म दिन रहा। इसके अलावा, इस सीजन का भी सबसे अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, राजधानी में बीते तीन दिनों से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण गर्मी अभी से पसीने छुड़ा रही है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसके अलावा, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहने की आशंका है। वहीं, इस महीना समाप्त होने में पांच दिन बचे हैं। ऐसे में बारिश की संभावना कम है। इस कारण यह महीना वर्ष 2022 की तरह शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश नहीं होने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अप्रैल में तापमान और अधिक होने की संभावना है।

इधर, बुधवार को आसमान साफ रहा। इस दौरान सूरज की तपिश ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। सुबह से ही तेज धूप निकल गई थी। जहां सुबह व शाम को लोगों को ठंड का अहसास होता था। अब यह बिल्कुल हल्का हो गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक के साथ 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

रीज इलाका 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। जबकि आया नगर इलाके में तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, लोधी रोड में 38.7 व पालम में 38.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। उधर, लोधी रोड़ में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पालम में 20.0 व आया नगर में 17.4 डिग्री दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ इस समय सक्रिय है, लेकिन इसका असर दिल्ली में देखने को नहीं मिलेगा। हवा की गति धीमी होगी और धूप के बढ़ने से तापमान में इजाफा होगा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि बृहस्पतिवार को आसमान साफ रहेगा। इस दौरान 10-20 किमी प्रति घंटा की गति से सतही हवाएं चलेगी। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

दिल्ली में कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तारीख जारी ऑनलाइन आएगा सरकारी स्कूलों का परिणाम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली। इस बार दिल्ली के सरकारी स्कूलों में परीक्षा परिणाम ऑनलाइन जारी होगा, तो वहीं दूसरी तरफ कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तारीखों का एलान भी कर दिया गया है।परीक्षा परिणाम ऑनलाइन निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम इस वर्ष ऑनलाइन जारी किया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय की तैयारियां पूरी हो गई है। वहीं कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तारीख भी आ गई है।

ऑनलाइन जारी होगा परिणाम

कक्षा तीसरी से लेकर पांचवीं का परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित होगा। वहीं, छठीं से लेकर नौवीं और 11वीं कक्षा का परिणाम 29 मार्च को घोषित किया जाएगा। जामा मस्जिद स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय नंबर-1 (उर्दू माध्य) के प्रधानाचार्य डॉ. गय्यूर अहमद ने बताया कि छात्रों का परीक्षा परिणाम ऑनलाइन निदेशालय की https://edudel.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

विज्ञापन

27 मार्च को आएगा परीक्षा परिणाम

छात्र होम पेज पर जाकर ऑनलाइन परीक्षा परिणाम वाले विकल्प में आईडी और जन्मतिथि भरकर परिणाम जान सकेंगे। परिणाम के लिए विद्यालय आना अनिवार्य नहीं है। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवीं का परिणाम 27 मार्च को जारी किया जाएगा।

15 अप्रैल से कंपार्टमेंट की परीक्षाएं

वहीं, कक्षा छठीं, सातवीं, आठवीं, नौवीं और 11 वीं का परीक्षा परिणाम 29 मार्च को घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र बिल्कुल भी तनाव न लें। निदेशालय सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा को लेकर भी डेटशीट जारी कर चुका है। निदेशालय ने कक्षा पांचवीं, आठवीं, नौवीं और 11 वीं को लेकर डेटशीट जारी की है। कंपार्टमेंट परीक्षाएं 15 अप्रैल से शुरू होकर एक मई को समाप्त होंगी।

पेज एक का शेष...

मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी से जिले की पहचान

लेकिन हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी प्रदान की। प्रदर्शनी में उन्होंने लोगों से मुलाकात करके उन्हें प्रोत्साहन दिया। जीआईसी मैदान से वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

लोकसभा में क्या हुआ? स्पीकर की नसीहत पर क्यों नाराज हुए राहुल गांधी?

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह नियमों और सदन की मयार्दा के अनुरूप आचरण करें, जिसको लेकर कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। बिरला ने शून्यकाल के बाद कहा कि कई पिता-पुत्री, माता-बेटी और पति-पत्नी इस सदन के सदस्य रहे हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करेंगे। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे बारे में कुछ बोला। जब मैं खड़ा हुआ तो वह उठकर चले गए और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। उन्होंने दावा किया, जब भी मैं सदन में बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो बोलने नहीं दिया जाता, जबकि यह परंपरा रही है कि नेता प्रतिपक्ष खड़ा हो तो उसे बोलने दिया जाए। पता नहीं किस प्रकार से सदन से चल रहा है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में द्रमुक के एक सांसद की टिप्पणी पर नाखुशी जताते हुए कहा कि देश संविधान में निहित संघीय ढांचे से चलता है। प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि क्या सरकार ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ कदम उठाने की अपनी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने में हिचकिचा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगा दी है।

राज्यसभा की कार्यवाही-कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के लिए पर्याप्त धन नहीं है और यह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 के प्रमुख प्रावधानों का उल्लंघन कर रही है, जिसके तहत इसे लागू किया गया था। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए, गांधी ने कहा कि पीएमएमवीवाई 2017 में शुरू की गई थी और अनौपचारिक क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव के बाद मातृत्व अधिकार प्रदान करती है।

उच्च सदन में एक विधेयक पर जवाब के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पर कथित रूप से आरोप लगाने को लेकर राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने बुधवार को शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया।

राज्यसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि आजकल सार्वजनिक बैंकों में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) के नाम पर खाताधारकों को बार-बार परेशान किया जा रहा है और यह नहीं देने पर उनके बैंक खातों को फ्रीज कर दिया जाता है।

राज्यसभा में बुधवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम सदस्य तिरुचि शिवा ने केंद्र सरकार पर तमिलनाडु को धन के आवंटन में कटौती करके सहकारी संघवाद की भावना को कमजोर करने का आरोप लगाया। शून्यकाल के दौरान उच्च सदन में शिवा ने यह मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि राज्य पिछले कई वर्षों से सौतेले व्यवहार का सामना कर रहा है।

सरकार ने बुधवार को कहा कि देश में नक्सली हिंसा में 81 फीसदी की कमी आयी है वहीं इस हिंसा की वजह से नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत के मामलों में 85 फीसदी की कमी आई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं और उन्हें नियंत्रण और संतुलन के साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के नई दिल्ली स्थित घर पर नोटों की गड्डियां मिलने पर उठे विवाद की पृष्ठभूमि में न्यायपालिका और विधायिका के अधिकारों पर चर्चा करने के लिए कल मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की शाम साढ़े चार बजे एक बैठक बुलाई थी।

ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो गुझिया भी खानी पड़ेगी

संभल में संवेदनशील माहौल को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने ईद, नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए। इस दौरान एएसपी श्रीशचंद्र, एसडीएम वंदना मिश्रा शामिल थे। सीओ अनुज चौधरी ो लोगों को शांति बनाए रखने को कहा।

बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने घर की छतों पर नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी, जिस पर प्रशासन ने साफ इनकार कर दिया।

होली और जुमे की नमाज को लेकर दिए गए बयान पर उठे विवाद के बीच सीओ अनुज चौधरी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ शांति बनाए रखना था और उन्होंने किसी के खिलाफ कुछ नहीं कहा। बुधवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में सीओ चौधरी ने कहा कि अगर मेरा बयान गलत था तो लोग हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाते, सजा दिलाते।

उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने जोर देकर कहा कि वे हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए बराबर काम कर रहे हैं। दरअसल, होली से पहले सीओ चौधरी ने कहा था कि होली साल में एक बार आती है, लेकिन जुमे की नमाज 52 बार होती है। जिसे रंगों से परेशानी हो, वह उस दिन घर में ही रहे।

इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। अब सीओ चौधरी ने स्पष्ट किया कि उनका मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था, बल्कि सभी त्योहारों का सम्मान बनाए रखना था। हम चाहते हैं कि हर जगह शांति बनी रहे। उन्होंने आपसी भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि अगर आप ईद पर सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी। इस बयान को लेकर पहले भी चर्चा में आए थे सीओ -इससे पहले संभल के सीओ अनुज चौधरी ने कहा था कि जुमा वर्ष में 52 और होली एक बार आती है। यदि मुस्लिम समुदाय का होली के रंग से धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से न निकलें। अगर कोई रंग डाल दे तो बुरा न मानें। बड़ा दिल होना चाहिए। आगे यह भी कहा कि हिंदू समुदाय के लोगों को भी ख्याल रखना चाहिए कि वह उस व्यक्ति पर रंग न डालें जो बुरा मान सकता है। होली से पहले संभल कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए थे। सीओ ने कहा था कि 14 मार्च को होली का पर्व है। इस दिन जुमे की नमाज भी होगी। जिस तरह से मुस्लिम पूरे वर्ष ईद का इंतजार करते हैं। वैसे ही हिंदू समुदाय के लोग होली के इंतजार में रहते हैं। इस दिन रंग लगाने के साथ ही गले मिलकर मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी जाती है। 24 नवंबर को हुए बवाल के बाद शहर अतिसंवेदनशील है। इसलिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारी लगातार पीस कमेटी की बैठक कर सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की अपील कर रहे हैं।

वीरता-राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं, राणा सांगा मामले में अखिलेश यादव ने लिया यू-टर्न

विवाद बढ़ता देख अब सपा मुखिया की तरफ से भी इसपर बयान आ गया है। राणा सांगा मामले में अखिलेश यादव ने विवाद बढ़ने के बाद अब यू-टर्न ले लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि राणा सांगा की वीरता राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं है। अखिलेश ने कहा कि इतिहास पुरुष का अपमान करना उद्देश्य नहीं है।

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया है कि राजपूत शासक राणा सांगा ने मुगल बादशाह बाबर को इब्राहिम लोदी के खिलाफ लड़ने के लिए भारत आमंत्रित किया था। इस बयान को हिंदुओं और राजपूत समुदाय का अपमान माना जा रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने पार्टी सदस्य का बचाव किया है, जबकि आलोचक उनसे माफी की मांग कर रहे हैं। सांसद का कहना है कि भारतीय मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानते।

राणा सांगा पर दिए बयान के बाद सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ क्षत्रिय समाज का गुस्सा बुधवार फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में आई भीड़ ने उनके घर पर हमला कर दिया। बाहर खड़ी तमाम गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए दृश्यों में पुलिसकर्मियों की एक छोटी सेना दक्षिणपंथी भीड़ को रोकने के लिए संघर्ष करती हुई दिखाई दे रही थी, जिनमें से कुछ नारे लगाते हुए भगवा झंडे और लाठियाँ लहरा रहे थे।

वो मर जाएगा, लेकिन झुकेगा नहीं..., पुष्पा स्टाइल में संजय राउत ने किया कुणाल कामरा का समर्थन

वह ऐसे कलाकार नहीं हैं जो धमकियों से डर जाएं। वह झुकेगा नहीं।

एएनआई ने राउत के हवाले से कहा, "वह झुकने या डरने की बजाय मरना पसंद करेंगे। जो लोग धमकियां दे रहे हैं, उन्हें जल्द ही अपने रास्ते पर चलना मुश्किल लगेगा।" संजय राउत ने कुणाल कामरा विवाद पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि व्यक्ति इसका इस्तेमाल किसी दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं योगी जी की बात से सहमत हूँ -- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि लोग कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन कामरा ने क्या कहा? उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने महाराष्ट्र में हुई घटना पर व्यंग्य करते हुए टिप्पणी की। मैं अक्सर कुमार विश्वास और सुरेन्द्र शर्मा जैसे कवियों को सुनता हूँ, और वे भी व्यंग्य करते हैं। कामरा के शब्दों के जवाब में संपत्ति को नुकसान पहुँचाना उचित नहीं है।

कुणाल कामरा ने अपने विवादित 'गद्दार' मजाक से राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया, जो कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर लक्षित था। मुंबई के खार इलाके में द हैबिटेट में प्रदर्शन करते हुए कॉमेडियन ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ शिंदे की 2022 की बगावत का स्पष्ट संदर्भ देते हुए एक पैरोडी गाना गाया, जिससे शिवसेना में फूट पड़ गई। शिवसेना (यूबीटी) का नेतृत्व करने वाले ठाकरे ने भी विवाद के बीच कॉमेडियन का समर्थन किया है।

अब वॉर किया जाएगा...केजरीवाल ने बदलता पंजाब का लिया संकल्प

अपने बजट भाषण के दौरान चीमा ने नशे की समस्या को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार के मादक पदार्थ रोधी अभियान के बारे में बात की। चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार नशे की व्यापकता, नशा मुक्ति केंद्रों के उपयोग आदि को समझने के लिए पंजाब में पहली बार मादक पदार्थ से जुड़ी गणना करने जा रही है।

त मान का दूरदर्शी नेतृत्व प्रेरक शक्ति का बड़ा योगदान रहा है। चीमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 2,36,080 करोड़ रुपये के बजट व्यय का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ 5,000 होमगार्ड तैनात करके दूसरी रक्षा पंक्ति स्थापित करेगी। चीमा ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार भगवंत मान सरकार ने आगामी वित्त वर्ष में राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना को सार्वभौमिक बनाने और राज्य के सभी 65 लाख परिवारों को कवर करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना में कोई रोक या भेदभाव नहीं होगा तथा ग्रामीण या शहरी, अमीर या गरीब हर कोई इसका लाभ ले पाएगा।

जिलों की संख्या घटकर हुई '38', कब खत्म होगा 'माओवाद'?

वर्ष 2022 और 2023 में हिंसा में वृद्धि वामपंथी उग्रवादियों के खिलाफ बढ़े हुए अभियानों के कारण है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के मुख्य क्षेत्रों में प्रवेश करना शुरू कर दिया है।

सुरक्षा के मोर्चे पर, भारत सरकार (जीओआई) वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बटालियन, राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए प्रशिक्षण और धन, उपकरण और हथियार, खुफिया जानकारी साझा करना, किलेबंद पुलिस स्टेशनों का निर्माण आदि प्रदान करके क्षमता निर्माण के लिए सहायता करती है। सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत सुरक्षा बलों की परिचालन और प्रशिक्षण आवश्यकताओं से संबंधित आवर्ती व्यय, आत्मसमर्पण करने वाले वामपंथी उग्रवादियों के पुनर्वास के लिए राज्यों द्वारा किए गए व्यय, सामुदायिक पुलिसिंग, ग्राम रक्षा समितियों और प्रचार सामग्री आदि के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

इस योजना के तहत 2014-15 से 2024-25 के दौरान 3260.37 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। विशेष अवसंरचना योजना के तहत विशेष खुफिया शाखाओं, विशेष बलों, जिला पुलिस को मजबूत करने और फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों (एफपीएस) के निर्माण के लिए धनराशि प्रदान की जाती है। एसआईएस के तहत 1741 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस योजना के तहत पहले से निर्मित 400 एफपीएस के अलावा 226 एफपीएस का निर्माण किया गया है।

इसके अलावा, वामपंथी उग्रवाद प्रबंधन के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएएलडब्ल्यूईएम) योजना के तहत वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में हेलीकॉप्टरों और सुरक्षा शिविरों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान केंद्रीय एजेंसियों को 1120.32 करोड़ रुपये दिए गए हैं। विकास के मोर्चे पर, प्रमुख योजनाओं के अलावा, भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में कई विशिष्ट पहल की हैं, जिसमें सड़क नेटवर्क के विस्तार, दूरसंचार संपर्क में सुधार, कौशल और वित्तीय समावेशन पर विशेष जोर दिया गया है। सड़क संपर्क के विस्तार के लिए 14,618 किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं।

वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में दूरसंचार संपर्क में सुधार के लिए 7,768 टावर लगाए गए हैं। कौशल विकास के संबंध में 46 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और 49 कौशल विकास केंद्र (एसडीसी) चालू किए गए हैं। आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए 178 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) चालू किए गए हैं। वित्तीय समावेशन के लिए, डाक विभाग ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में बैंकिंग सेवाओं के साथ 5731 डाकघर खोले हैं।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 1007 बैंक शाखाएँ और 937 एटीएम खोले गए हैं और अधिकांश वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 37,850 बैंकिंग पत्राचार चालू किए गए हैं। विकास को और गति देने के लिए, विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) के तहत, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण अंतराल को भरने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है। 2017 में योजना की शुरूआत से अब तक 3563 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

आईजी, डीजी, एआईजी एवं चार आईपीएस समेत एडिशनल एसपी के ठिकानों पर सीबीआई की दबिश

उइक की इस कार्रवाई के बाद रायपुर स्थित भूपेश बघेल के निवास पर कांग्रेस कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति तीन बैग, पेन ड्राइव और हार्ड डिस्क लेकर उनके घर पहुंचा, जिसे कांग्रेस कार्यकताओं ने अंदर जाने से रोक दिया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़पें भी हुई इसके अलावा, भिलाई स्थित बघेल के बंगले के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस ने चारों ओर बैरिकेट्स लगाए और समर्थकों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बल तैनात किए। इस छापेमारी के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उन्हें छापे की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन उइक एक स्वतंत्र एजेंसी है और जहां भी गड़बड़ी होती है, वहां कार्रवाई करती है। दूसरी ओर, कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा सरकार विपक्ष को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। अक्ळउ ने भी मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस इस दमनकारी नीति से डरने वाली नहीं है। पार्टी ने इसे ह्यसत्य की लड़ाईक्ल करार दिया और कहा कि अन्याय की हार निश्चित है। उइक की इस कार्रवाई ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में हलचल मचा दी है। आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं, जिससे प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ सकती है। अब देखना होगा कि इस घोटाले की जांच में और कौन-कौन से नाम सामने आते हैं और क्या इस मामले में कोई बड़ा खुलासा होता है।

ओआरसी सैनिक अकादमी ढीकोली के 5 छात्र आरआईएमसी देहरादून परीक्षा के लिए चयनित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। ढकोली स्थित ओआरसी सैनिक अकादमी ने अपने टीआरएफ बैच के 5 होनहार छात्रों की शानदार उपलब्धि की घोषणा की है, जिन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

यह उपलब्धि न केवल छात्रों की मेहनत और लगन को दर्शाती है, बल्कि अकादमी द्वारा दिए जाने वाले उत्कृष्ट मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी साबित करती है। चयनित छात्रों में चैतन्य झा और प्रणय झा, दोनों चंडीगढ़ से हैं, अरमान शर्मा हरियाणा के चरखी दादरी से, कर्णिक नांदल पानीपत से और जितेश सिंह पंजाब के जीरकपुर से हैं। इन छात्रों के चयन से ओआरसी सैनिक अकादमी को गर्व महसूस हो रहा है, क्योंकि आरआईएमसी देहरादून भारत के सबसे प्रतिष्ठित सैन्य शिक्षण संस्थानों में से एक है, जहां से प्रशिक्षित छात्र आगे चलकर भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। अकादमी ने हमेशा से ही अपने छात्रों को सिर्फ शिक्षाविदों तक सीमित न रखकर उन्हें शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और नेतृत्व कौशल में भी प्रशिक्षित किया है, जिससे वे कठिनतम परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त कर सकें। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि संस्थान न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास पर ध्यान देता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। अकादमी के निदेशक रंजीत रंजन झा ने इस मौके पर छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता केवल एक परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

बागपत के विपुल जैन हुए डीपीआईएएफ 2025 इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित

बागपत। नई दिल्ली में आयोजित डीपीआईएएफ 2025 इंटरनेशनल अवार्ड समारोह में इंटरनेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को डीपीआईएएफ 2025 इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विपुल जैन को दुबई के प्रमुख समाजसेवी, शीर्ष बिजनसमेन एनएब्रीडी अल ऐमरेट के चेयरमैन व एएनपीएम के सीईओ डाक्टर कबीर केवी द्वारा शॉल व पटका ओढाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डीपीआईएएफ के संस्थापक कल्याणजी जाना ने कहा कि विपुल जैन को यह अवार्ड उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, धार्मिक व समाजसेवी कार्यों, साम्प्रदायिक सौहार्द में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने और राष्ट्रहित में किये जा रहे कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। बताया कि विपुल जैन एक बेहतरीन इंसान है और पूर्व में भी इंटरनेशनल और नेशनल स्तर की अनेकों संस्थाओं और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनको सम्मानित किया जा चुका है। विपुल जैन निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से लोगों को इंसाफ दिलाने और समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। विपुल जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा नरेन्द्र जैन, पिता सुदर्शन जैन, माता रेनु जैन, गुरूजनों सहित उन सभी समस्त शुभचिंतकों व सहयोगियों को दिया, जिन्होंने उनको नेक कार्यों को करने के लिए जागरूक किया और जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए तन-मन-धन से हर कदम पर उनका साथ दिया। विपुल जैन ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि में वे सभी महान लोग बराबर के साझेदार है, जिनके सहयोग, आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से वर्ष 2023-2024 में मुझे नवजीवन प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर देश-विदेश से आयी जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रही।

ईंट निमार्ता समिति मालिकों की समस्याओं पर की गयी चर्चा

बागपत। ईंट निमार्ता समिति जनपद बागपत की ओर से मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में हुए सेमिनार में राज्य कर विभाग, बागपत एवं बडौत के अधिकारियों के साथ परिचर्चा की गयी।

.इस सेमिनार में राज्य कर विभाग के जोनल कमिश्नर, स्टेट जीएसटी हरीराम चौरसिया तथा ज्वाइन्ट कमिश्नर स्टेट जीएसटी अनीता गर्ब्याल द्वारा ईट निमार्ता समिति की विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा ईट निमार्ता इकाईयों से बिक्री पर बनने वाले समस्त कर को समय से जमा करने हेतु आग्रह किया गया। जिन फर्मो द्वारा समय से समस्त कर सही रूप से जमा नही किया जा रहा है उनकी विअनुसार इकाई से जांच कराये जाने का निर्देश दिया गया। ईट निमार्ता समिति के अध्यक्ष विक्रम राणा, राजेन्द्र सिंह एवं महामंत्री नीरज नैन द्वारा ईट निमार्ता इकाईयों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। उपायुक्त राज्य कर बागपत आरपी चौरसिया द्वारा बताया गया कि वैट अवधि की तुलना में जीएसटी अवधि में कुछ ईंट निमार्ता इकाईयों द्वारा कम राजस्व जमा किया जा रहा है प्रतिवर्ष इसे बढाने का आग्रह किया गया। जोनल कमिश्नर द्वारा विभाग द्वारा चलाई गई अधर्दण्ड एवं ब्याज माफी योजना की भी जानकारी दी गयी। जिसके अन्तर्गत पारित वर्ष 2017-18, 2018-19 एव 2019-20 के धारा-73 के अन्तर्गत पारित आदेशों में 31 मार्च 2025 तक कर जमा करने पर अर्थदण्ड एवं ब्याज माफ कर दिया जायेगा। सेमिनार में सहायक आयुक्त राज्य कर शशी प्रकाश, अशित मिश्र, आशीष माहेश्वरी तथा ईट निमार्ता समिति की ओर से विनोद गोयल, आनन्द पाल राणा, इन्द्रपाल सिंह, विक्रम कन्डेरा, मुकेश मित्तल, मुकेश शर्मा, नवीन गुप्ता, प्रमोद चेयरमैन, संजय प्रधान आदि उपस्थित रहें।

टटीरी का संस्कार शर्मा भारतीय सेना में बना लेफ्टिनेंट

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी के रामदास कालोनी निवासी संस्कार शर्मा सुपुत्र विपिन शर्मा का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है।

कस्बा निवासी अरविंद शर्मा के भांजे संस्कार शर्मा का चयन लेफ्टिनेंट पद पर होने पर सभी लोगों ने उन्हें बधाई दी है। अरविंद शर्मा ने बताया की संस्कार शर्मा बागपत के क्रिस्तु ज्योति स्कूल का छात्र रहा है और उसने पढ़ते समय से ही सेना में जाकर देश की सेवा करने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जो उसने कड़ी मेहनत से प्राप्त कर लिया है। संस्कार शर्मा प्रारम्भ से ही प्रतिभावान बच्चा रहा है और उसकी प्रारम्भिक शिक्षा बागपत के क्रिस्तु ज्योति स्कूल से हुई व स्नातक दिल्ली से हुई। उसके पिताजी दिल्ली मे प्राइवेट नौकरी करते है व माता जी गृहणी है। उसकी इस कामयाबी पर नीरज एडवोकेट ,अनिरुद्ध शर्मा, धर्मपाल सिंह, सुभाष शर्मा, राधे कृष्ण शर्मा, विपिन शर्मा, मनोज भारद्वाज, डायरेक्टर ललिता शर्मा, सविता, अभिषेक व समस्त कालोनीवासियों ने उपस्थित होकर खुशिया मनाई।

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में हुआ भव्य शांति विधान का आयोजन

सुरेंद्र मलानिया

बड़ौत/बागपत- बड़ौत नगर के प्रतिष्ठित श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में शांति विधान का आयोजन बड़े धूमधाम और भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह विशेष आयोजन पन्ना परिवार की संतोष जैन के (75वें) जन्मदिवस के शुभ अवसर पर किया गया।

इस धार्मिक विधान को छपरौली के ब्रह्मचारी भैया गौरव ने विधिपूर्वक संपन्न कराया। भैया गौरव जी के सान्निध्य में भक्तों ने मंत्रोच्चारण, भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ विधान में भाग लिया। करीब 100 श्रद्धालु इस पावन आयोजन में सम्मिलित हुए और भक्ति की भावधारा में डूबकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

भक्ति और भजन संध्या से गूंज उठा मंदिर परिसर

शांति विधान के दौरान मंदिर में भजन-कीर्तन और नृत्य संगीत की मधुर स्वर लहरियों से भक्तिमय वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से अपनी भावनाएँ प्रकट कीं। मंदिर में गूंजते जिनवाणी भजनों ने हर भक्त के हृदय को छू लिया।

आश्चर्यजनक दिव्य घटना बनी श्रद्धा का केंद्र

विधान के समापन की ओर जब कार्यक्रम बढ़ रहा था, तभी वहां एक दिव्य घटना घटित हुई, जिसने श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विराजमान प्रतिमा जी पर केसर से स्वतः अभिषेक होने लगा और साथ ही प्रतिमा जी पर चंदन से स्वास्तिक बनता हुआ दिखाई दिया।

श्रद्धालुओं ने इस घटना को दैवीय चमत्कार मानते हुए इसे देवताओं की कृपा और आशीर्वाद की अनुभूति बताया। इस अलौकिक घटना को देखने वाले हर भक्त के मन में आस्था और भक्ति की लहर दौड़ गई।

मंदिर में श्रद्धालुओं की सहभागिता

इस पावन अवसर पर बड़ौत नगर के प्रवीण जैन, मंजू जैन, नवीन जैन, मोनिका जैन, कृतिका जैन, नीतीश जैन, अंकुर जैन, मयंक जैन, श्रुति जैन, मीनल जैन, सचिन जैन, नाम्या, संपदा, सार्थक, विदुषी, संकेत, डॉ. सुनीता जैन, कल्पना जैन, निशा, याशी, स्वस्ति, ऋषभ, तनीषा समेत कई गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पन्ना परिवार ने इस भव्य आयोजन में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और ईश्वर से सभी के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दिव्य और भक्तिमय आयोजन ने नगरवासियों के मन में आस्था और भक्ति की एक नई ऊर्जा का संचार किया।

रजऊ हादसे के बाद टूटी पूर्ति विभाग की नींद, गैस गोदाम आबादी से हटाने के निर्देश.

बरेली। रजऊ परसपुर में महालक्ष्मी गैस एजेंसी के गोदाम के पास सिलेंडरों से भरे ट्रक में हुए धमाकों के बाद पूर्ति विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। पूर्ति विभाग की तरफ से जिलेभर की ऑयल कंपनियों से जुड़ी गैस एजेंसियों और गोदाम संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। सभी को मानक पूरे करने के साथ ही आबादी के बीच संचालित गोदामों को शहर से बाहर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। अभी भी शहर में कई स्थानों पर आबादी और बिजली की लाइन के पास गैस गोदाम संचालित हैं जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर में सोमवार दोपहर सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगने से क्षेत्र में कई घंटे तक दहशत का माहौल रहा। इस विस्फोट के बाद इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के शहर में आबादी के बीच संचालित गैस गोदामों पर पूर्ति विभाग की नजर टेढ़ी हो गई है। हार्टमन पुल के पास स्थित गैस गोदाम, मिनी बाईपास के पास भी एक गैस गोदाम आबादी में है।

डिस्काउंट पर बिक रही शराब, एक के साथ एक फ्री का बंपर ऑफर

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। आगामी 31 मार्च को आबकारी सत्र खत्म हो रहा है। एक अप्रैल से नये संचालक दुकान संभाल लेंगे। ऐसे में दुकानों पर जमा पुराने स्टॉक को खपाने के लिए शराब की दुकानों पर डिस्काउंट शुरू हो गया है। बरेली में जहां 20 फीसदी डिस्काउंट सामान्य रूप से दिया जा रहा है। वहीं, लोकल ब्रांड की व्हिस्की एक पर एक फ्री भी बेची जा रही है।

शहर के श्यामतगंज, डीडीपुरम, पीलीभीत बाईपास, प्रेमनगर, राजेंद्र नगर में खुलेआम दुकानों पर बोर्ड और नोटिस लगाकर डिस्काउंट पर शराब बेची जा रही है। ऐसे में शराब के शौकीनों की भी भीड़ लग गई है। लोग एक साथ कई महीने का स्टॉक तक कर ले रहे हैं। पूरी बॉक्स तक एक साथ लोग ले जाते हुए देखे गए।

भजनलाल सरकार ने महिलाओं को बांटी सौगात

श्रमिकों की बेटियों को अब भी केवल आस

खैरथल। राजस्थान दिवस समारोह के पहले दिन भजनलाल सरकार ने महिलाओ के खातों मे कई योजनाओ का लाभ सीधे खाते मे हस्तांतरित किया जिसका सभी वर्गो ने अपने हिसाब से हर्ष जताया

सीएम भजनलाल शर्मा राजस्थान के श्रम मंत्री भी है उनके विभाग मे शिव शक्ति योजना के हजारों आवेदन वर्षो से पैडिग पड़े है जिनका स्टेट्स पेंडिंग फीजीकल वैरीफिकेशन आज भी पोर्टल पर है,का पैसा राजस्थान दिवस पर महिला सम्मेलन भी नही मिलने पर श्रमिकों के परिवार और बेटियो मे निराशा है श्रमिको ने बातचीत मे बताया सरकार को श्रमिकों की सूद भी लेनी चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार सितंबर, 2018 में श्रम विभाग की शुभ शक्ति योजना को बंद कर दिया गया। वर्ष 2021 में इसका पोर्टल भी बंद कर दिया गया।

इस समयावधि में जिले के सैकड़ो जरूरतमंद लोगों ने अपनी बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहयोग पाने को लेकर आवेदन किए थे।

असंगठित कामगार संघ से जुडे जीतेंदर कुमार जांगिड़ ने बताया श्रमिकों की बेटियों के लिए ये एक मात्र योजना थी जिससे श्रमिकों को बेटियों की उच्च शिक्षा और विवाह में सहायता मिलती थी ऐसी योजना को पैंडिग रखना और बंद करना किसी भी कल्याणकारी सरकार के लिए उचित नही सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए ऐसी योजना से बेटियों को सम्बल मिलता है

बरेली कॉलेज रोजगार मेले के दौरान 337 का चयन

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। बरेली कॉलेज में प्लेसमेंट सेल और सेवायोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में एचआर, सेल ऑफिसर, टेली-ऑफिसर, तकनीक आदि पदों के लिए बीएससी, बीए आदि अभ्यर्थियों की भीड़ पहुंची। मेले में 738 अभ्यर्थियों शामिल हुए। इनमें नौकरी के लिए सिर्फ 337 का चयन हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. संध्या रानी शाक्य, क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह, बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. राजीव यादव ने संयुक्त रूप से किया। मेले में 15 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। बरेली कॉलेज के सामान्य पाठ्यक्रमों में शामिल बीए, बीएससी के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के साक्षात्कार के बाद 337 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल के माध्यम से बरेली कॉलेज के छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप की शुरूआत के लिए हरसंभव मदद प्रदान की जाएगी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि शीघ्र ही महाविद्यालय की करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल हमारे परिसर में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को बड़े-बड़े इंडस्ट्रीज में इंटर्नशिप के लिए भेजेगा। सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह ने विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए बच्चों को आमंत्रित किया और कहा कि पोर्टल के माध्यम से बरेली कॉलेज परिसर के छात्र छात्राओं को विदेशों में भी नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे।

डॉ. राजीव यादव ने बताया कि बीते चार माह में महाविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थी निजी सेवा प्रदाताओं के यहां प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रोजगार पा चुके हैं। कार्यक्रम में प्रो. पूनम सिंह, प्रो. आलोक खरे, प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. एसी त्रिपाठी, प्रो. एमबी कलहंस, डॉ. बीनम सक्सेना, डॉ. नीरज मलिक, डॉ. अरविंद गंगवार, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, संजय कुमार, डॉ. संजय यादव, सेवायोजन कार्यालय के वीरेंद्र कुमार, अनूप दुबे, आशीष कुमार मिश्रा, रामऔतार, अनिल कुमार, राजेश सक्सेना, बृजेश आदि मौजूद रहे।

संपादकीय

वृद्धि में नैसर्गिक न्याय का तकाजा

सोमवार को जारी संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सांसदों के वेतन व भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था। तर्क दिया जा रहा है कि माननीयों के वेतन में वृद्धि महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के मद्देनजर की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के परिवर्तन के अनुसार सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने हेतु सत्तर हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्हें कार्यालय के व्यय हेतु साठ हजार रुपये महीना और संसद सत्र के दौरान हर दिन दो हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। कहा जा रहा है कि अब इन भत्तों में भी बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि माननीयों को हर साल फोन व इंटरनेट हेतु भत्ता, अपने परिवार के लिये 34 फ्री डोमेस्टिक फ्लाइट, निजी यात्रा के लिये रेल में प्रथम श्रेणी में यात्रा सुविधा, सड़क मार्ग से चलने पर ईंधन का खर्च व मुफ्त बिजली झ पानी की सुविधा भी मिलती है। इसके अलावा सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी रोग का भारत में पर्याप्त इलाज संभव न हो तो सरकार विशेष स्थिति में विदेश में उपचार के खर्च की अनुमति दे सकती है। साथ ही सरकारी आवास की सुविधा और यदि आवास न लें तो घर का भत्ता माननीयों को मिलता है।

वहीं सरकार की दलील है कि वेतन-भत्तों में यह 24 फीसदी की वृद्धि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर ही की गई है। दरअसल, सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का जो नियम बनाया था, उसका निर्धारण समय की महंगाई दर के आधार पर किया जाना था। निस्संदेह, लोकतंत्र के नीति-नियंताओं का जीवन विशिष्ट सुविधाओं का आकांक्षी होता है। वहीं सुख-सुविधाओं में वृद्धि तार्किकता की भी मांग करती है। यह नैसर्गिक न्याय ही होगा, यदि राजा और प्रजा के जीवन में समृद्धि की बयार समान रूप से होती है। इसमें अधिक अंतर भी न हो। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिये के नारे का यथार्थ में फलीभूत होना भी जरूरी है। अभिजात्य संस्कृति की तार्किकता लोकतंत्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रश्न आयकरदाता के धन के सदुपयोग व उसकी उत्पादकता का भी है। जिसके जरिये विसंगतियां दूर करने व असमानता की खाई पाटने की तार्किकता भी शामिल है। हम यह न भूलें कि महंगाई का दंश देश की आम प्रजा भी भुगत रही है। नीति-नियंताओं को उसके कष्ट दूर करने के लिये संवेदनशील ढंग से सोचना चाहिए। आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के मुद्दे को भी प्राथमिक बनाया जाना चाहिए। करोड़ों लोगों को सस्ती व गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता बननी चाहिए। यह भी यक्ष प्रश्न कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने को क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी अकसर उठता रहा है कि जिस व्यवस्था की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व हो, उनके लिये वेतन, भत्ते और पेंशन की तार्किकता क्या है? वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श में नई-पुरानी पेंशन की आकांक्षा में चिंतित जनमानस को देशव्यापी एकरूपता के साथ विकल्प दिये जाने की भी जरूरत है। ताकि तेजी से उम्रदराज लोगों का देश होते भारत में करोड़ों लोगों का बुढ़ापा सुखमय हो सके। ताकि सुख, समृद्धि व सुकून राजा के घर भी हो और प्रजा के भी।

संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-II बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है?

दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी।

गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है ह्व कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है। कांग्रेस भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, मुस्लिम आरक्षण को संविधान में जगह देकर संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफत की जा रही है। मुस्लिमों को आरक्षण असंवैधानिक हैं। कांग्रेस बार-बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की मूल भावना को चुनौती दे रही है। मुस्लिम वोटबैंक के लिए ऐसा किया जाना संविधान की मूल भावना से खिलवाड है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी का रवैया आरक्षण को लेकर समय-समय पर बदलता रहा है। कभी उसने संविधान संशोधन की बात की, तो कभी आरक्षण का विरोध किया, तो कभी धर्म के आधार पर आरक्षण देने के प्रयास भी किए। आपातकाल के काले दौर में कांग्रेस द्वारा ऐसा भी किया गया, जब इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की मूल प्रस्तावना ही बदल डाली। कांग्रेस नेता संविधान की किताब जेब में रखते हैं, लेकिन इसे कमजोर करने के लिए हरसंभव कोशिश भी करते हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और देश को बताना चाहिए कि कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव क्यों करना चाहती है?

कांग्रेस का रवैया हर प्रकार से संविधान विरोधी ही रहा है। संविधान को कमजोर करने वाले अनेक प्रयास कांग्रेस समय-समय पर करती आई है। कांग्रेस द्वारा अपने शासनकाल में इस पर संशोधन लाने का प्रयास किया गया कि सरकार संविधान में क्या-क्या परिवर्तन कर सकती है? स्पष्ट है कि कांग्रेस के लिए, हमारा संविधान केवल सत्ता को साधने का एक उपकरण मात्र रहा है, संविधान के प्रति सम्मान की भावना कांग्रेस के चरित्र में नहीं है। जबकि वर्ष 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार संविधान के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। भारतीय संविधान और लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की मंशा से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं।

पॉक्सो एक्ट और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल, कोर्ट के फैसले पर चर्चा

सरकार को भी मौजूदा कानूनों की समीक्षा करनी चाहिए ताकि इस प्रकार की विवादास्पद व्याख्याओं की कोई गुंजाइश न रहे और यौन अपराधों के पीड़ितों को न्याय मिल सके।

बीते दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनाया गया एक फैसला महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में एक गंभीर बहस का केंद्र बन गया है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। इसके प्रति कानूनी समुदाय व नागरिक समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने कासगंज जिले के एक मामले में कहा कि किसी महिला के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना बलात्कार या बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में नहीं आता है। यह फैसला पॉक्सो एक्ट के तहत 11 साल की पीड़िता से जुड़े मामले में सुनाया गया था।

न्यायाधीश ने बलात्कार के प्रयास के आरोप को खारिज करते हुए, इसे भारतीय दंड संहिता की धारा 354-बी के तहत ह्लवस्त्र उतारने के इरादे से हमलाह्व और पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत ह्लगंभीर यौन हमलाह्व माना। न्यायालय का मानना है कि इस मामले में किए गए कृत्य बलात्कार के प्रयास की कानूनी परिभाषा को पूरी तरह से संतुष्ट नहीं करते हैं, लेकिन गंभीर यौन हमले की श्रेणी में आते हैं। इस निर्णय के कानूनी विश्लेषण पर विचार करें तो, यह स्पष्ट होता है कि न्यायालय ने अपराध की तैयारी और वास्तविक प्रयास के बीच स्थापित कानूनी सिद्धांत का पालन करने का प्रयास किया है। भारतीय दंड संहिता के तहत, किसी भी अपराध के लिए केवल प्रयास ही दंडनीय है, जबकि केवल तैयारी को अपराध नहीं माना जाता है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत गंभीर यौन हमला के अपराध को बरकरार रखा है, जो यह दशार्ता है कि न्यायालय ने कथित अपराध की गंभीरता को पूरी तरह से अनदेखा नहीं किया है। कुछ कानूनी विशेषज्ञ यह तर्क दे सकते हैं कि न्यायालय का कर्तव्य कानून को उसके अक्षरों के अनुसार लागू करना है, भले ही इसके सामाजिक परिणाम विवादास्पद क्यों न हों।

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले के कई निर्णयों में यौन इरादे से किसी नाबालिग के अंगों को छूने को भी यौन हमला माना है। 19 नवंबर, 2021 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट

के नागपुर पीठ के एक फैसले को पलटते हुए यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि किसी नाबालिग के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा, जिसमें इरादे को प्रमुखता दी गई थी। । इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्किन से स्किन संपर्क की आवश्यकता से अधिक यौन इरादे को महत्व दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वर्तमान निर्णय इस पूर्ववर्ती फैसले से स्पष्ट रूप से भिन्न प्रतीत होता है।

मध्य प्रदेश सरकार बनाम महेंद्र उर्फ गोलू के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने बलात्कार के प्रयास के आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए तैयारी और प्रयास के बीच का अंतर समझाया था, जिसमें यह माना गया था कि अभियुक्त के कृत्य तैयारी से आगे बढ़कर अपराध के निकट थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय इस व्याख्या से भी कुछ हद तक भिन्न प्रतीत होता है। इस अदालती निर्णय का मौजूदा कानूनों पर संभावित प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। पॉक्सो एक्ट के संदर्भ में, इस निर्णय से बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के अधिनियम के मूल उद्देश्य पर ही सवाल उठ सकते हैं। यदि इस प्रकार के कृत्यों को बलात्कार के प्रयास के रूप में नहीं माना जाता है, तो यह कानून के प्रभावी कार्यान्वयन को कमजोर कर सकता है। इसी प्रकार, यह निर्णय आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और धारा 354 (शील भंग करने के इरादे से हमला) के बीच की रेखा को भी धुंधला कर सकता है, खासकर जब यौन उत्पीड़न की गंभीरता का आकलन किया जा रहा हो, परिणामस्वरूप पॉक्सो एक्ट के तहत यौन अपराधों की एक संकुचित व्याख्या हो सकती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा का कानूनी ढांचा कमजोर हो सकता है।

इस न्यायिक फैसले के सामाजिक-राजनीतिक परिणाम व्यापक हो सकते हैं। इससे समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गलत संदेश जा सकता है, जिससे यौन अपराधों को गंभीरता से न लेने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। इससे महिला अधिकार कार्यकताओं और नागरिक समाज समूहों के विरोध के सुर मजबूत हो सकते हैं। राजनीतिक स्तर पर, मौजूदा कानूनों में संशोधन या नए कानून बनाने की मांग उठ सकती है, ताकि कानूनी अस्पष्टताओं को दूर किया जा सके और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सार्वजनिक विमर्श में मांग उठी है कि सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि कानूनी स्पष्टता बनी रहे और महिलाओं तथा बच्चों के अधिकारों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सके। इसके अतिरिक्त, सरकार को भी मौजूदा कानूनों की समीक्षा करनी चाहिए ताकि इस प्रकार की विवादास्पद व्याख्याओं की कोई गुंजाइश न रहे और यौन अपराधों के पीड़ितों को न्याय मिल सके। यह अनिवार्य है कि एक मजबूत कानूनी ढांचा स्थापित किया जाए जो महिलाओं और बच्चों को यौन हिंसा से प्रभावी ढंग से बचा सके।

कांशीराम के पैटर्न पर लौटीं मायावती, लंबे अरसे बाद पार्टी चलाएगी कोई अभियान; रिश्तेदारों को तवज्जो नहीं

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। अपने रिश्तेदारों को पार्टी से दूर करने के बाद मायावती बदले अंदाज में राजनीति करती नजर आ रही हैं। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि वह कांशीराम के पैटर्न पर चल पड़ी हैं।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को एकजुट करने तथा पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए ओबीसी समाज को जोड़ने की मुहिम चलाने की शुरूआत कर कार्यकताओं को नया संदेश दिया है। बसपा के संस्थापक कांशीराम की तर्ज पर उन्होंने इस बार अपने परिजनों को दरकिनार करते हुए पार्टी कैडर को प्राथमिकता दी है। जानकारों की मानें तो बसपा द्वारा ओबीसी समाज को जोड़ने के लिए गांव-गांव चलाया जाने वाले अभियान से पार्टी को नई ऊर्जा मिल सकती है। बता दें कि बीते करीब दो साल से बसपा तमाम उठापटक से जूझ रही है। बसपा सुप्रीमो द्वारा आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाने के बाद दो बार हटाने के निर्णय से कार्यकताओं का मनोबल टूटा, जिसका असर तमाम चुनावों में देखने को मिला। बसपा सुप्रीमो ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को भी पार्टी से बाहर कर दिया। साथ ही, भविष्य में पार्टी से जुड़े अहम फैसलों में नाते-रिश्तों की परवाह नहीं करने का रास्ता चुना। इसका प्रभाव हालिया ओबीसी समाज की विशेष बैठक में भी देखने को मिला, जिसमें बसपा सुप्रीमो ने केवल पाटी कैडर के समर्पित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बुलाया और उन्हें अहम जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने यह भी कहा कि जो पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करेगा, भविष्य में उसे ही आगे बढ़ाया जाएगा।

लंबे अर्से के बाद कोई अभियान

बसपा ने लंबे अर्से के बाद कोई अभियान शुरू करने की घोषणा की है। दरअसल, पार्टी के कैडर कैंपों के आयोजन के बावजूद जनाधार बढ़ने की जगह कम होता जा रहा था। पार्टी नेता कैडर कैंप आयोजित करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे थे। अब गांव-गांव अभियान चलाने से बसपा का बिखरा वोट बैंक फिर से संगठित हो सकता है। इसमें युवाओं को खास तवज्जो दी जाएगी, ताकि नई पीढ़ी को तैयार किया जा सके। बसपा सुप्रीमो ने खासकर महिलाओं को इस अभियान में शामिल करने का निर्देश भी दिया है।

प्रदेश के शिक्षक-कर्मचारियों को 30 मार्च के पहले मिल जाएगा इस माह का वेतन? सीएम योगी को लिखा गया पत्र

लखनऊ । यूपी के शिक्षक और कर्मचारियों को मार्च माह का वेतन 30 मार्च के पहले देने की मां की गई है। कर्मचारी संगठनों ने इसको लेकर सीएम को पत्र लिखा है।

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर 30 मार्च से पहले प्रदेश के शिक्षकों-कर्मचारियों को वेतन दिए जाने की मांग की है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा है कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है। वहीं 31 मार्च या एक अप्रैल को ईद पड़ रही है। संगठन के प्रांतीय सचिव दिलीप चौहान ने कहा दोनों ही त्यौहार हिंदू व मुस्लिम समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में प्रदेश के लाखों शिक्षक-कर्मचारियों को मार्च का वेतन इसी सप्ताह देने के लिए आदेश किया जाए। उन्होंने यह भी बताया है कि पूर्व में परिषदीय विद्यालयों में जुमा, अलविदा का अवकाश होता रहा है। पूर्व की भांति अलविदा पर भी छुट्टी घोषित की जाए। ताकि संबंधित शिक्षक/कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके।

यूपीः परिषदीय स्कूलों के छात्र सीखेंगे ब्रज, अवधी, बुंदेली और भोजपुरी, व्यंजनों के बारे में दी जाएगी जानकारी

शिक्षकों-कर्मचारियों को ईद से पहले करें वेतन का भुगतान

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिक्षक-कर्मचारियों को ईद के पहले वेतन भुगतान किया जाए। साथ ही 31 मार्च को ईद को देखते हुए बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य बंद किया जाए।संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में कहा है कि ईद 31 मार्च को है। सरकार की वित्तीय नियमावली के अनुसार माह की आखिरी तारीख पर पड़ने वाले अवकाश व पर्व के दृष्टिगत एडवांस में वेतन भुगतान किया जा सकता है। पूर्व में भी ऐसा किया गया है। ऐसे में ईद को ध्यान में रखते हुए सरकार कर्मचारियों को एडवांस में वेतन भुगतान करें। द्विवेदी ने कहा कि यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन 19 मार्च से शुरू हुआ है, जो दो अप्रैल तक चलेगा। ईद के दृष्टिगत 31 मार्च को प्रदेश के सभी मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य स्थगित करने के निर्देश जारी किए जाएं।

एमएफ मंत्राः म्यूचुअल फंड के साथ सीखें सफल निवेशक बनने के गुर, एक्सपर्ट आज देंगे जानकारी

लखनऊ । म्युचुअल फंड के साथ-साथ लक्ष्य आधारित निवेश कैसे हो? बेहतर पूंजी निवेश कहां की जाए? निवेश की चुनौतियों व हर अवसर की जानकारी आपको देने के लिए अमर उजाला ला रहा है एमएफ मंत्रा कार्यक्रम। जहां मार्केट के दिग्गज मिरे एसेट के नॉर्थ सेल्स रीजनल हेड मुकेश कुमार और फानेंशियल मार्केट एक्सपर्ट व मोटिवेशनल स्पीकर डॉ विशाल सक्सेना आपको निवेश के सटीक मंत्र बताएंगे।

27 मार्च को निरालानगर रोड स्थित होटल रेगनेंट में अमर उजाला की ओर से आयोजित हो रहे जागरूकता कार्यक्रम एमएफ मंत्रा में विशेषज्ञ आपको पूंजी के बेहतर लाभ के लिए निवेश के बारे में जानकारी देंगे। निवेश से जुड़ी आम चुनौतियों को दूर करने, बाजार में आने वाले नए अवसरों, पूंजी को सुरक्षित रखने और नुकसान की कम से कम गुंजाइश के टिप्स भी मिले।

यही नहीं, विशेषज्ञ निवेशकों के सवालों का जवाब भी देंगे। कार्यक्रम में आमजन भी भागीदार बनकर शेयर मार्केट और म्युचुअल फंड में बेहतर निवेश सीख सकते हैं। म्युचुअल फंड बाजार के जोखिमों के अधीन है इसलिए योजना से जुड़े सभी कार्यक्रम के बारे में जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8858900080 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

यूपीएस के विरोध में एक अप्रैल को कर्मचारी मनाएंगे काला दिवस, एक मई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होगा धरना

लखनऊ । यूपी में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम का विरोध बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के शिक्षक और कर्मचारी एक अप्रैल को पूरे प्रदेश में काला दिवस मनाएंगे। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के आह्वान पर एक अप्रैल को यूपीएस के विरोध में पूरे देश में शिक्षक-कर्मचारी काला दिवस मनाएंगे। शिक्षक-कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। साथ ही सरकार से एनपीएस व यूपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेगा। बुधवार को बैठक कर कर्मचारियों ने इसकी रणनीति बनाई। बैठक में एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि 1 अप्रैल 2025 से केंद्र सरकार ने केंद्र की नौकरियों में यूपीएस लागू करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का पूरे देश का शिक्षक व कर्मचारी विरोध कर रहा है। प्रदेश में अटेवा के बैनर तले प्रदेश का शिक्षक-कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। साथ ही जिलाधिकारी को एनपीएस व यूपीएस को समाप्त करने का ज्ञापन भी देंगे। कैंट स्थित कार्यालय में हुई बैठक में यह भी तय किया गया कि एक मई को जंतर-मंतर दिल्ली में भी कर्मचारी व्यापक विरोध-प्रदर्शन करेंगे। बैठक में सभी कर्मचारी संगठनों ने भाग लिया।

फोर लेन मार्ग पर डिवाइडर निर्माण की मांग को लेकर, किसानों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का किया घेराव

एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। भारतीय किसान यूनियन भानु के गुस्साए सैकड़ों कार्यकताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ और जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान के साथ आज कृष्णापुरी चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय का यमुना एक्सप्रेस-वे से वृंदावन को जोड़ने वाले फोर लेन मार्ग पर डिवाइडर और नाली निर्माण की मांग को लेकर कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। जिसके बाद किसान डिवाइडर बनाए जाने की मांग को लेकर अधिकारियों का घेराव कर कार्यालय के अंदर फर्श पर बैठ गए। जहां भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठैनुआ और जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर यमुना एक्सप्रेस-वे के फोर लेन मार्ग पर पानीगांव के पास डिवाइडर न बनाने और रिश्वत व दलाली लेकर काम करने का आरोप लगाते हुए लोक निर्माण विभाग कार्यालय मथुरा का करीब एक घंटे तक घेराव किया। जहां अधिशासी अभियन्ता गुलवीर सिंह को फोर लेन मार्ग पर डिवाइडर के निर्माण को लेकर अवगत कराया। जिस पर अधिशासी अभियन्ता गुलवीर सिंह ने एक हफ्ते में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। तब जाकर किसान शांत हुए। वहीं कार्यालय का घेराव करने में महानगर अध्यक्ष विजय सिंघल,जगदीश रावत राष्ट्रीय सचिव, गिर्राज सिंह, भूरा पहलवान प्रदेश अध्यक्ष प्रकोष्ठ, लक्ष्मीनारायण जिला महासचिव, विक्रम सिंह चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी कार्यकर्ता, कुशलपाल चौधरी, अमरसिंह, भूरा चौधरी, मानसिंह चौधरी, रामबीर सिंह, जितेन्द्र चौधरी आदि आक्रोशित कार्यकर्ता शामिल रहे।

व्रन्दावन के भगवान रंगनाथ मेले में मारपीट, कुर्सियां फेंकी

मथुरा। वृंदावन में भगवान रंगनाथ के दस दिवसीय मेले (ब्रह्मोत्सव) में सोमवार को मामूली विवाद में 2 गुटों में मारपीट हुई। बात बढ़ने पर कुर्सियां तक फेंकी गईं।इस कारण मेले में भगदड़ मच गई। मामले में पुलिस ने दो लोगों का पकड़ कर उनका शांति भंग में चालान कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक झगड़ा इतना बढ़ गया कि कई श्रद्धालु डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। करीब आधा घंटा तक विवाद हुआ, तब कहीं जाकर पुलिस आई। पुलिस ने दो लोगों को मौके से दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गोरा नगर निवासी मनीष और कृष्ण उर्फ कान्हा का चालान किया गया है। मेले के दौरान कई मेले में प्रवेश कर गईं। जिस कारण जाम की स्थिति बनी रही। चुंगी चौराहे पर मेला कमेटी के मंच से गाड़ियों को न लाने का अनाउंस करते रहे।

आईजीआरएस में रैंक हो गई कम, इसलिए मांट थाना प्रभारी पर गिरी गाज, लाइन हाजिर

मथुरा के मांट में मुख्यमंत्री की आईजीआरएस(एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) में जनपद की रैंक कम आने पर एसएसपी ने बड़ा कदम उठाया है। मांट थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस कार्रवाई से अधीनस्थों के हड़कंप मचा हुआ है। शिकायतों का निस्तारण न करने पर मांट थाना प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जा रहा की जनपद की रैंक शिकायतों के निस्तारण में मांट थाने की वजह से कम आई थी, जिसकी वजह से एसएसपी नाराज थे। मंगलवार को विवेचनाओ को लेकर ओआर(अर्दली रूम) में भी मांट प्रभारी निरीक्षक पहुंचे नहीं थे। एसएसपी ने फिलहाल किसी को थाना मांट का चार्ज नहीं दिया है।

छटीकरा गांव की महिला की रिपोर्ट दर्ज, दरोगा निलंबित किया

एनपीटी ब्यूरो

मथुरा । जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करने पहुंची छटीकरा की महिला का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें दो नामजद सहित तीन-चार अन्य पर मारपीट, गाली देने, धमकाने और चौथ वसूली का आरोप है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। लापरवाही बरतने पर एक दरोगा को निलंबित किया गया है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव छटीकरा निवासी मिथिलेश ने दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने व जैंत पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को डीएम कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास किया था। महिला पेट्रोल से भरी बोतल साथ में लेकर गई थी। पुलिस कर्मियों ने महिला से बोतल छीन ली। इस दौरान महिला की तबीयत खराब हो गई। उसे स्वर्ण जयंती अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से महिला मंगलवार को डिस्चार्ज होकर घर पहुंची। मिथिलेश की तहरीर पर जैंत पुलिस ने वृंदावन के रमणरेती निवासी अनुराग गोयल व आशु शर्मा समेत तीन से चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इधर डीएम ने मामले की जांच कराई। इसके आधार पर एसएसपी ने कार्रवाई की है। एसएसपी शैलेश कुमार ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने पर दरोगा नरेश कुमार भाटी को निलंबित कर दिया है। कार्यवाही थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बीएसए कार्यालय में रिश्वत लेने के आरोपी की जमानत पर टली सुनवाई

एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। बीएसए कार्यालय मथुरा में तैनात वरिष्ठ सहायक ब्रजराज सिंह को एंटी करप्शन आगरा की टीम ने 25 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में 19 जून 2024 के रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत सदर बाजार निवासी धर्मेंद्र सिंह से उनके पिता रामेश्वर सिंह की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का नोटिस समाप्त करने के एवज में ली गई थी। वह रामेश्वर सिंह कन्या जूनियर हाईस्कूल वृंदावन में परिचारक के पद पर तैनात हैं। हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई हुई। इस दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए शासकीय अधिवक्ता ने मामले के सह आरोपी बीएसए सुनील दत्त की जांच की वर्तमान स्थिति की जानकारी करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इसके बाद भी उन्होंने सुनवाई की मांग की। इस पर हाईकोर्ट ने एक सप्ताह का समय देते हुए मुकदमे को 1 अप्रैल 2025 को सूचीबद्ध करने के आदेश दिए हैं। रिश्वत लेने के आरोप में वरिष्ठ सहायक ब्रजराज सिंह की गिरफ्तारी के बाद बीएसए ने भी भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय मेरठ में अग्रिम जमानत के लिए 8 जुलाई 2024 को अर्जी दाखिल की थी। लगातार तीन माह तक कई बार सुनवाई हुई, लेकिन हर बार बीएसए के अधिवक्ता ने अगली तारीख मांगी। इस पर न्यायालय ने 30 सितंबर 2024 को अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

शिक्षक भर्तीः 69 हजार शिक्षक भर्तीः

SC में सुनवाई न होने से अभ्यर्थियों में आक्रोश, शिक्षा मंत्री का आवास घेरकर किया हंगामा

एनपीटी ब्यूरो

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया।

उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

नारेबाजी कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में काफी अनियमितता हुई है। इस कारण आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित रह गए हैं। मामले में हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हुआ। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

प्रदर्शन कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया। उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया।

हाईकोर्ट ने नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का आदेश दिया। लेकिन, सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली करती रही। मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार लापरवाही कर रही है। इस कारण हम लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा है। हमारी मांग है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में हमारी मजबूत पैरवी करे। हमें जल्द न्याय दिलाए।

प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय मेले का हुआ आगाज, प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन

सूचना विभाग द्वारा 8 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का किया विमोचन

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले का आज मा0 राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने कल्याण सिंह सभागार (ऑडीटोरियम) में रिबिन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश रावत, मा0 सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल, मा0 राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, राजकुमार जैन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कल्याण सिंह ऑडीटोरियम के परिसर में मा0 प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जनपद में विगत 8 वर्षों में किये गए विकास कार्यों व योजनाओं के विभागीय स्टॉल व चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी प्रसंशा की। इस दौरान मा० मंत्री जी द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पूर्ण करायी गई 126 परियोजनाओं का फीता काटकर शिलान्यास व लोकार्पण किया गया।

कल्याण सिंह सभागार में मा0 प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनधियों ने मॉ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया तथा मंच पर पहुंचने पर मंचासीन अतिथियों के सम्मान में विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त मा० मंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई विशेष लघु फिल्म का प्रर्दशन, महाकुंभ प्रयागराज 2025 के सफल आयोजन पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं सूचना विभाग द्वारा तैयार करायी गई विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 40 लाभार्थियों को टूलकिट व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में अच्छे कार्य करने वाले बैंक कर्मियों को प्रसंशा पत्र सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रत्र व योजनाओं का लाभ वितरित किया गया।

मा0 प्रभारी मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मिशन को आत्मसात करते हुए वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारंभ किया था, वह आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में पूरे देश के समक्ष एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। आप सभी इसके साक्षी और सहभागी रहे हैं। हमारी नीतियों के प्रति जिस प्रकार जनता ने अपना सहयोग और समर्थन दिया है, उससे यह विश्वास और दृढ़ हो चला है कि स्पष्ट नीति, साफ नीयत, प्रतिबद्धतापूर्ण नियोजन के सद्प्रयास सुफलित अवश्य होते हैं। उत्तर प्रदेश के ट्रांसफॉर्मेशन की चर्चा आज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो रही है। इस सकारात्मक बदलाव के पीछे ट्रिपल सी यानी कल्चर, कनेक्टिविटी और कॉमर्स का मंत्र है। कानून व्यवस्था में सुधार आम जन को सम्मानजनक जीवन को गारंटी देता है, साथ ही छोटे- बड़े हर निवेशक हर व्यापारी को निवेश की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करवाता है। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर भी आम जनों के जीवन को बेहतर बनाने के साथ ही निवेशकों को कम लागत अधिक उत्पादन और बेहतर रिजल्ट की गारंटी देता है। ये दोनों पक्ष मिलकर पूरे प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक परिवेश में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश को आर्थिक विकास में ऊंचे पायपदान पर पहुंचाया है। डबल इंजन सरकार ने ळल।छ के मूलमंत्र के महत्व को समझते हुये इसके सभी पक्षों को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है।

कलैक्ट्रेट सभागारः-

कल्याण सिंह ऑडीटोरियम कार्यक्रम के उपरान्त मा० प्रभारी मंत्री जी ने मीडिया बंधुओं के साथ पत्रकार वार्ता कर ललितपुर के सकारात्मक विकास पर चर्चा करते हुए मीडिया के द्वारा ललितपुर के उठाई गई समस्याओं के निराकरण के लिए मौक पर ही अधिकारियों को निर्देश दिये।

इसके बाद मा० प्रभारी मंत्री जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सी०एम०डैश बोर्ड पर विभिन्न योजनाओं की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि विकास कार्यों की रैंकिंग में ललितपुर का प्रदेश में 6वां स्थान है, जिस पर मा0 प्रभारी मंत्री ने प्रसन्ता जाहिर करते हुए अधिकारियों को और अधिक उत्साह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने एक-एक कर जनपद के विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रदेश में रैंकिंग की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए, निमार्णाधीन कार्यों को तेजी से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा बतायी गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए।

मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में मंदिर, मस्जिद या विद्यालयों के आसपास शराब की दुकानें नहीं होनी चाहिए, उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर ऐसी सभी शराब की दुकानों को चिन्हित कर उन्हें अन्य स्थान पर शिफ्ट कराकर रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने दिलाया जीजीआईसी की शिक्षिकाओं व कंप्यूटर ऑपरेटर का महीना से रुका मानदेय

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओ व कंप्यूटर ऑपरेटर का करीब 5 माह से मानदेय न मिलने पर सभी परेशान थे पर जब मामला राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल के पास पहुंचा तो उन्होंने तुरंत ही जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश किया कि सभी शिक्षिकाओ व कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय जल्द से जल्द दिया जाए उसके बाद सभी को मानदेय मिलने के बाद शिक्षिकाओ व कंप्यूटर ऑपरेटर में खुशी की लहर दिखाई दी जिससे राजकीय बलिका इंटर कॉलेज की कंप्यूटर ऑपरेटर सुनना पंथ ने आज राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल जी को फूल माला पहनाकर आभार व धन्यवाद व्यक्त किया जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने कहा कि महिलाओं की परेशानी मेरी परेशानी है कोई भी हमारी माताऐ बहने परेशान नहीं रहे ऐसी हमारी सरकार की मंशा है और मैं सभी हमारी माताओ बहनों को न्याय दिलाने में हमेशा उन सभी के साथ हूं।

मंदिर के समीप खुलीं शराब की दुकानें हटवायी जाए : हरपाल सिंह सिसोदिया

प्रभारी मंत्री दानिश अंसारी को सौंपा ज्ञापन

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर बार- भाजपा मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया ने मंगलवार को ललितपुर आए प्रभारी मंत्री दानिश अंसारी को पत्र सौंपकर कस्बा बार के बस स्टैंड पर खुलीं शराब दुकानों से लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराकर शराब की दुकानें हटवाने की मांग की है। उन्होंने अवगत कराया है कि कस्बा बार में बस स्टैंड पर देशी, अंग्रेजी शराब व बियर की दुकान खुली हुई हैं। इन दुकानों से 30 मीटर दूर प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी शक्ति पीठ मंदिर व बियर की दुकान के सामने माता शबरी मंदिर स्थित है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग दर्शन को आते हैं। बताया कि आबादी क्षेत्र में बस स्टैंड पर शराब की दुकानें होने के कारण आये दिन स्थानीय लोगों, यात्रियों व मंदिर आने-जाने वाली महिलाओं को काफी परेशानी होती है। बस स्टैंड पर शराबियों का उत्पात मचा रहता है। इस सम्बन्ध में पहले भी कई बार शराब की दुकान हटवाये जाने हेतु कस्बावासियों व उन्होंने जिला प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है लेकिन उपरोक्त दुकानें न तो हटवायी गयी हैं और न ही स्थान परिवर्तित किया गया है जिससे कस्बावासियों में रोष व्याप्त है। एक अप्रैल से नए सिरे से आवंटित दुकानों का संचालन होना है जिसे कही भी अन्य जगह संचालित कराया जाये।

पुलिस विभाग ने रैली निकालकर नगरवासियों को किया जागरूक

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासनह्य नीति के आठ वर्षह्ल पूर्ण होने के अवसर पर जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग के मिशन शक्ति, यूपी 112, महिला पीआरवी, अग्निशमन टीम द्वारा निकाली गई सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों एवं कल्याणकारी परियोजनाओं से सम्बन्धित जागरूकता रैली को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जागरुकता रैली में सर्वप्रथम मिशन शक्ति अभियान के क्रम में कार व स्कूटी पर महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में जागरुकता का संदेश दिया। साथ ही डायल 112 की पुलिस टीम ने आपातकालीन समय पर पुलिस की मदद के लिए डायल 112 का प्रयोग करने का संदेश दिया। इसके अलावा जनता के बीच जाकर पुलिस द्वारा उनके सहयोग के लिए चलाये जा रहे ह्लऑपरेशन कन्विक्शनह्ल की जानकारी दी। बताया कि इसमें पुलिस द्वारा चिन्हित अभियोगों में प्रभावी पैरवी कराकर अपराधियों को सजा दिलाई जाती है। इसी प्रकार ह्लऑपरेशन दृष्टिह्ल के माध्यम से जनपद के समस्त थानों के चैराहों, बाजारों एवं मिश्रित आबादी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरें लगाये गये है, जिससे अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलगी। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर पुलिस टीम ने बचाव के लिए निरन्तर कार्यशालाएं व जागरुकता अभियान चलाकर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के सम्बन्ध जानकारी दी गयी।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी फहद अली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

गैस रिसाव से लगीं आग में झुलसी मां बेटी

ललितपुर बार- कस्बा बार के बानपुर रोड निवासी महिला गैस जलाते समय आग की चपेट में आ गई साथ में खड़ी छोटी बेटी भी झुलस गई। परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कस्बा निवासी दीपमाला (28वर्ष) पत्नी संजय नामदेव सोमवार सुबह चाय बनाने के लिए गई जहां गैस चूल्हा जलाते ही कमरे में आग लग गई। उक्त महिला आग की चपेट में आ गई साथ में खड़ी उसकी पांच वर्षीय बेटी जयंती भी झुलस गई। चीख पुकार करने पर परिजन पहुंचे भारी मशक्कत के बाद मां बेटी को बाहर निकालकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां महिला की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि रविवार शाम को ही नया सिलेंडर लगाया था, गैस रिसाव के कारण यह हादसा हुआ। महिला की चार लड़कियां हैं, जिनमें जयंती तीसरे नंबर की बेटी है।

मसाला उद्यमी ब्रजेश त्रिपाठी को किया गया सम्मानित

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम हाल में उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर आयोजित सेवा, सुरक्षा व सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धि कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को भाजपा सरकार के पिछले 8 वर्षों की उपलब्धियों पर बनी लघु डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाया जा रहा है। कहा कि भाजपा की सरकार बनने से पहले यहां दस्यु-सरगनाओ का फरमान चलता था, किंतु अब ऐसा नहीं है। उत्तर प्रदेश अब विकास के पथ पर अग्रसर है। जनपद में एयरपोर्ट और टाइगर रिजर्व बन जाने से पर्यटकों को बढ़ावा मिल रहा है। प्रयागराज महाकुंभ मेले में लगभग 60 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई। इस दौरान जनपद के रास्ते से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रशासन ने कोई दिक्कत नहीं होने दी। कहा कि सपा बसपा के शासनकाल में ऐसा नहीं था। भाजपा सरकार बिना जाति धर्म देख सभी को समान रूप से योजनाओं का दे रही है। भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ में आगे बढ़ रहा है। भाजपा सरकार में कोई भाई-भतीजावाद नहीं है। कार्यक्रम में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री खुशबू, आरती, रूबी देवी, शशिलता तिवारी आदि नियुक्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, भाजपा नेता अश्वनी कुमार अवस्थी, राजेश्वरी देवी, दिव्या त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीड़ी विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, एलडीएम अनुराग शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को बांटे रामायण ज्ञान परीक्षा प्रमाण पत्र

चित्रकूट ब्यूरोः विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मऊ के सरस्वती विद्या मंदिर में रामायण ज्ञान परीक्षा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही मासिक बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में रामायण परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। इस मौके जिला मंत्री नीरज केशरवानी, विश्व हिन्दू परिषद के मऊ मंत्री संदीप श्रीवास्तव मऊ प्रखंड के संरक्षक मुकेश वाजपेई, मंत्री संदीप श्रीवास्तव, सह मंत्री अंकित शुक्ला, संयोजक शिवांक केशरवानी सहित समस्त प्रखंड के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद आयोजित की गई प्रखंड की मासिक बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई।

प्रभारी मंत्री ने ली कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

चित्रकूट ब्यूरोः जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मंत्री ने कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी का प्रमुख उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना है। गुंडे-बदमाश जेल के बाहर नहीं रहने चाहिए उन्हें जेल की सलाखों में ही रखें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था सामान्य है। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, जो चिंतनीय है तथा इस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री जी ने कहा कि सीएम ने सड़क सुरक्षा व दुर्घटना के लिए सख्त हिदायत दी है। मंत्री ने महिला उत्पीड़न अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न के बारे में जानकारी ली जिस पर एसपी ने बताया कि बीती 28 फरवरी तक दो हत्याएं हुई है। जिस पर मंत्री ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। एसपी ने बताया कि आगामी 6 अप्रैल श्रीरामनवमी को चित्रकूट गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें कानून व्यवस्था बनी रहेगी।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों पर कहा कि बरहट में योजना के तहत पानी नहीं पहुंचाया जा रहा। जिस पर अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत में अवशेष कार्य पूरा होते ही पानी की सप्लाई कर दी जाएगी। आईजीआरएस के संबंध में कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण त्वरित व गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। तुलसीदास जन्मस्थली के समीप नदी तट पर कटाव के संबंध में जानकारी ली जिस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया की डीपीआर बनाकर शासन को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलने पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री ने देवांगन एयरपोर्ट से पटेल तिराहा तक फोरलेन चैड़ीकरण सड़क के बारे में लोनिवि को निर्देशित किया कि कार्य को जल्द पूर्ण कराए। विद्युत के संबंध में निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद की 305 गौशालाओं में 55 हजार गौवंश संरक्षित किए गए हैं। मंत्री समय से चरवाहों का भुगतान करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने उपस्थित सभी अधिकारियों को पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कहा कि सरकारी कार्य में जो भी लापरवाही करेगा, उनके खिलाफ जिलाधिकारी के माध्यम से कार्रवाई कराई जाएगी।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

नवलगढ़ के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजी लाल कटेवा की मूर्ति अनावरण सभा में

शहीदों की पार्थिव देह उनके घर तक पहुंचाने का काम वाजपेयी जी ने किया.... उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजी लाल कटेवा की मूर्ति के अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उन्होंने शहीद कटेवा की मूर्ति पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए मुर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शहीदों के बलिदान को अमूल्य बताया। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी को याद करते हुए कहा कि वाजपेयी ने शहीदों की पार्थिव देह को शहीदों के घर तक पहुंचाने का कार्य शुरू किया था। दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैनिक कल्याण के क्षेत्र में ह्यवन रैंक, वन पेंशनह्ल शुरू करने के लिए आभार जताते हुए विगत 11 वर्षों में देश में सैनिक कल्याण और सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में हुए कार्यों की भी जानकारी आमजन को दी। उन्होंने

कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंगलवार को बाड़मेर में आयोजित सभा में 30 हजार से अधिक संख्या में महिलाएं आईं जो बड़ी बात है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षेत्र के शहीदों की वीरांगनाओं का भी सम्मान किया। सभा में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने नौजवानों को देश के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिए औ? जनसभा में आने के लिए दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। सभा को खंडेला विधायक सुभाष मील ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच पर शहीद कटेवा की वीरांगना प्रभाती देवी, पूर्व विधायक रतन जलधारी, नगरपालिकाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी फूलवाला, सरपंच महावीर सिंह भांबू, पंचायत समिति सदस्या जानकी देवी मौजूद रही। मंच संचालन एडीईओ उम्मेद सिंह महला और विजय हिंद जालिमपुरा ने किया।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री का नांगल समेत उदयपुरवाटी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आमजन और कार्यकताओं ने महेंद्र चंदवा के नेतृत्व में स्वागत किया।

जिन्होंने देश के लिए इतना कुछ दिया, उसके आगे सड़क क्या है.. उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी*

उपमुख्यमंत्री ने नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल और शहीद के परिजनों की मांग को स्वीकार करते हुए तुर्किनी जोहड़ से कैमरी की ढाणी तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण शहीद कटेवा के नाम से करने की घोषणा की। उन्होंने घोषणा के बाद कहा कि शहीद कटेवा ने जो देश के लिए योगदान दिया है, जो बलिदान दिया है, उसके आगे यह सड़क क्या है?

नवलगढ़ में करवाए गए विकास कार्य भी बताए

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि लोहार्गल के बरखंडी में रोप वे का कार्य शुरू हो रहा है। वहीं नवलगढ में ट्रोमा सेंटर, जिला अस्पताल, 90 करोड़ से अधिक की सड़कों की सौगात दी गई है।

राजस्थान दिवस समारोह सप्ताह का दूसरा दिन

खैरथल -तिजार जिले के किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल तिजारा, 26 मार्च। राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का आयोजन जिला सचिवालय के सभागार में किया गया। इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण

कार्यक्रम के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के सभागार में किया गया। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण हुआ

जिले के किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के 35 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई के लिए प्रति कृषक 50 हजार, 147 कृषकों को तारबंदी योजना के लिए प्रति कृषक 40 हजार, खेत तलाई के लिए 32 किसानों को एक लाख बीस हजार, कृषि यंत्रों के लिए 49 किसानों को 18 हजार से एक लाख की राशि, जैविक गोवर्धन योजना के लिए 141 किसानों को 10 हजार प्रति कृषक की राशि का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों को किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र बसवाल, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक हवा सिंह जाट, कोऑपरेटिव विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी तादाद में किसान मौजूद रहे।

गुरुवार को गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का होगा आयोजन

राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में जिला स्तरीय गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे से किया जाएगा।

फार्मर रजिस्ट्री में 81.92% के साथ जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर, इतने किसानों ने कराया पंजीयन

सिरोही- केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 65,965 पीएम किसान लाभार्थियों के विरुद्ध 54,069 किसानों का पंजीकरण अब तक किया जा चुका है।

मातौर ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस समारोह आयोजित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-तिजारा, 26 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में मातौर ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल ने की, जबकि सहकारिता विभाग के ब्लॉक निरीक्षक नवलसिंह के निर्देशन में आयोजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मातौर सरपंच महेन्द्र सिंह, नंगली सरपंच धर्मेन्द्र, सौरखा सरपंच सरजीत, ळअ कमल कान्त (सहकारी समितियाँ, खैरथल), समिति व्यवस्थापक सहित अन्य गणमान्य अतिथि व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कमल कान्त ने किसानों को सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें गोपालन क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं से जुड़ाव, जैविक कृषि को बढ़ावा, कृषि कार्य हेतु ड्रोन प्रशिक्षण, अन्न भंडारण आदि विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने किसानों को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर सहकारी संस्थाओं में सदस्यता वृद्धि और ₹सहकार से समृद्धि₹ के संकल्प को साकार करने के लिए प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई।

समिति ने सहकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्यों और अधिकारियों ने सक्रिय योगदान दिया। अंत में समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का हुआ आयोजन

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी! राजस्थान दिवस समारोह के कम में रोजगार कार्यालय, बून्दी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षक्षण संस्थान, नैनंवा रोड, बून्दी के तत्वावधान में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन हुआ! औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनंवा रोड, बून्दी में केम्प आयोजित किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का शुभारम्भ सभापति श्रीमती सरोज अग्रवाल नगर परिषद, बून्दी में मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर किया। जिला रोजगार अधिकारी बैंक

प्रकाश नागर ने बताया की इस शिविर में अडानी विल्मोर प्रा०लि० बून्दी, जे.डी. एक्स सिक्योरिटी नोएडा, आल इंडिया जॉब सोल्यूशन कोटा, सहित कुल-05 सस्थानी ने शिविर में भाग लिया। संस्थानों द्वारा नियोजन हेतु-28, एंव प्रशिक्षण हेतु-13 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया साथ ही शिविर में उपस्थित आशार्थियों को स्वरोजगार से सम्बन्धित परामर्श व जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 300 आशार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर आई. टी. आई. उपनिदेशक श्री फूलचन्द मीणा त्तमुह अनुदेशक श्री सज्जाद अली खान, दीपक बाथरा, एवं लोकेश सैनी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने किया शहर का दौरा

जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों, जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति एवं खेल संकुल के साथ ही अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी, 26 मार्च। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर का दौरा किया। उन्होंने जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और खेल संकुल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद के नव निर्मित भवन का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली एवं जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों के साथ ही नवल सागर झील का भी निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने मीरां गेट व महावीर कॉलोनी क्षेत्र में हो रहे जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लगी टीमों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में गति लाएं। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले नाले के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने खेल संकुल परिसर में संचालित तरणताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि तरणताल का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जावें ताकि आमजन को गर्मियों में इसकी सुविधा का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निमार्णाधीन मल्टीपरपज हॉल के कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए गति बढ़ाई जावें एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें। उन्होंने कुंभा स्टेडियम

के पास नगर परिषद के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और वर्तमान में पूर्ण हो चुके कार्यों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा टाउन हॉल के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्तौड रोड़ पर चल रहे सीवरेज कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज कनेक्शनों की संख्या बढ़ाई जावें साथ ही सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कर लिए जावें।

जिला कलक्टर ने पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत नवल सागर झील पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि झील पर पुराने रोप-वे के ढ़ाचें को व्यवस्थित रूप से दूसरी जगह पर स्थानांतरित किया जावें।

उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन नवीन ब्लॉक के कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही कार्य प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। जिला अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें।

इस दौरान नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर विजय,, आरएसआरडीसी के सहायक अभियंता सुरेंद्र गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी, 26 मार्च। राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वृहद स्तर पर 7 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में बुधवार को दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का आयोजन बूंदी के सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सभागार में किया गया। इस अवसर पर किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ प्रसारण-बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से जिले में सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के मेले का शुभारंभ किया। इस के साथ ही पॉली हाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं, बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपए की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी, पशुधन स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा निर्देश भी जारी किए।

एक साथ 8 सरकारी ट्यूबवैलों का विद्युत कनेक्शन काटने से ग्राम पंचायत किशोरपुरा में मची पानी की त्राहि त्राहि

विभागों के चक्कर में फंसी विद्युत बिल की राशि, गांव प्यासा, आखिर जिम्मेदार कौन?

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं। जिले के उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के किशोरपुरा ग्राम पंचायत में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा एक साथ 8 सरकारी ट्यूबवेलो का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। जिससे ग्राम पंचायत किशोरपुरा में पानी की त्राहि त्राहि मची हुई है। ये सरकारी ट्यूबवेल ही ग्राम पंचायत किशोरपुरा की जनता के लिए पीने के पानी का स्रोत थे। ग्रामीणों ने बताया कि गहलोत सरकार के कार्यकाल में बांडिया नाला क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत आठ ट्यूबवेल पीने के पानी के लिए स्वीकृत किए गए थे। जिनसे किशोरपुरा ग्राम पंचायत में पीने के पानी की सप्लाई की जा रही थी। बुधवार को विद्युत विभाग के कर्मचारीयो द्वारा जल जीवन मिशन योजना से जुड़े आठ ट्यूबवैलों का कनेक्शन एक साथ काट दिया गया। जिससे गांव में पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। विभागों के चक्कर में बिल जमा नहीं होने से पीने के पानी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा हैं। विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश की भावना बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और राजस्थान सरकार से मीडिया के माध्यम से मांग कर कहा है कि शीघ्र ही कनेक्शनों को जोड़कर जल सप्लाई चालू की जाए। अन्यथा मजबूरन बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए हमारे संवाददाता ने उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी सुमन सोलन एवं झुझुनू जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह से दूरभाष के जरिए संपर्क किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

जिम्मेदारों का कहना है- हमारे विभाग द्वारा पीएचईडी विभाग के अधिकारियो तथा जिला परिषद सीईओ को कनेक्शन काटने से पूर्व विद्युत बिल की राशि जमा करवाने के नोटिस दिए जा चुके हैं। परंतु उन्होंने बिल जमा नहीं करवाए। मार्च का महीना चल रहा है बिल जमा नहीं होने से कनेक्शन काटे गए हैं। फिर भी इस संबंध में मेरे विभाग के उच्चाधिकारियों से बात करता हूं।

अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग झुंझुनू

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में गहलोत सरकार में 8 ट्यूबवेल लगाए गए थे। विद्युत विभाग का बिल बकाया चल रहा है। जिसे जमा करवाने के लिए पंचायत के पास कोई फंड नहीं है तथा किसी प्रकार के आधिकारिक आदेश भी नहीं हैं। मैंने इस मामले को लेकर उदयपुरवाटी विकास अधिकारी को अवगत करवाया है। शीघ्र ही जिला कलेक्टर से मिलकर उन्हें मामले से अवगत करवाता हूं। **सरपंच मोहनलाल सैनी ग्राम पंचायत किशोरपुरा**-विद्युत विभाग के बिल जमा नहीं होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। हमारे पास ऐसा कोई फंड तथा आदेश नहीं है जिससे बिल जमा करवाने के लिए ग्राम पंचायत को निर्देशित किया जा सके। विद्युत कनेक्शन ग्राम पंचायत के नाम से नहीं होकर जल एवं स्वच्छता समिति के नाम से हैं। हमने इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया है। इस समस्या का समाधान जयपुर से होगा।

विकास अधिकारी उदयपुरवाटी

बोरवेल जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत लगे हुए हैं। पीएचडी विभाग से इन कनेक्शनों का कोई लेना-देना नहीं है। कनेक्शन ग्राम पंचायत के नाम से हैं। बिल भी ग्राम पंचायत ही जमा करवाए। **अधीक्षण अभियंता पीएचईडी विभाग झुंझुनू**

संजीव बालियान की दो टूक: दुकानें खाली नहीं होंगी

पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान ने भरी हुंकार, प्रशासन प्रशासन दर्ज कर रहा है झूठे मुकदमें, बैकफुट पर आया प्रशासन

एनपीटी संवाददाता

शामली। भाजपा जिला मंत्री विवेक प्रेमी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को भी शहर में कई जगह दुकानें पूरी तरह बंद रही, वहीं बडी संख्या में व्यापारियों ने शिव चौंक पर धरना प्रदर्शन किया तथा विवेक प्रेमी की तुरंत रिहाई की मांग की। वहीं धरने पर पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान ने दो टूक कहा कि कोई कितना भी जोर लगा ले, दुकानें खाली नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि यह शामली की भूमि है, यहां बडे-बडे आंदोलन हुए लेकिन शामली वाले किसी से नहीं डरे। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि बाहर से आए कुछ लोगों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। पूर्व मंत्री ने पुलिस प्रशासन पर भी जमकर भडास निकाली। व्यापारियों की एकजुटता के चलते प्रशासन भी बैकफुट पर आ गया और जल्द ही विवेक प्रेमी की रिहाई से संबंधित कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को भाजपा नेता विवेक प्रेमी की पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तारी किए जाने से शहर के व्यापारियों में आक्रोश फैल गया था। व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर गिरफ्तारी के विरोध में जमकर हंगामा प्रदर्शन करते हुए शिव चौंक पर धरने पर बैठ गए थे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के समझाने के बावजूद भी व्यापारी विवेक प्रेमी की रिहाई की मांग पर अडे रहे। वहीं बुधवार को भी बडी संख्या में व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें बंद कर शिव चौंक पर धरने पर बैठ गए तथा एकस्वर में विवेक प्रेमी की रिहाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा व्यापारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन व्यापारी अपनी मांग पर अडे रहे। वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान भी अपने काफिले के साथ शिव चौंक पर पहुंचे तथा विवेक प्रेमी गिरफ्तारी को गलत बताते हुए व्यापारियों के साथ धरने पर बैठ गए।

उन्होंने कहा कि आज शामली के शिव चौंक आकर पुरानी याद ताजा हो गयी, यह वही चौक है जहां समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हुकुम सिंह, सुरेश राणा, तेजेन्द्र निर्वाल पुलिस व गुंडाराज के खिलाफ धरने पर बैठे थे और दुख की बात यह है कि आज हमें अपनी ही सरकार होने के बावजूद फिर से धरने पर बैठना पड रहा है। उन्होंने कहा कि दुकानों के मामले में कुछ दिन पूर्व उनके पास विवेक प्रेमी व कुछ व्यापारी आए थे, तब उन्हें मामले की जानकारी हुई। वे कौन हैं जो बाहर से आकर मंदिर का मालिक बनने का प्रयास कर रहे हैं। मंदिर की जमीन का रिकार्ड भी निकल जाएगा कि शामली के किस परिवार ने मंदिर को अपनी जमीन दी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि संत भी हमारे ही हैं, उन्हें क्या लोभ या लालच है कि वे कह रहे हैं कि हम दुकान पर कब्जा करेंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने विवेक प्रेमी के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि बाहर से आए कुछ लोगों से डरने की कोई जरूरत नहीं है, और सभी व्यापारी फैसला ले कि कोई कितना भी जोर लगा ले, दुकानें खाली नहीं होंगी, अगर लडाई लडने की बात है तो मैं खुद और देहात भी आपके साथ खडा है। उन्होंने दो टूक कहा कि धारा मुझे पर भी लगाकर जेल भेज दो, लेकिन दुकानें किसी भी कीमत पर खाली नहीं होंगी। वहीं व्यापारियों की एकजुटता से प्रशासन भी बैकफुट पर आ गया और एसडीएम व सीओ ने दो दिन में विवेक प्रेमी की रिहाई से संबंधित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त हो गया।

हाईकोर्ट ने प्रबंध समिति के निलम्बन आदेश को किया रदद

एनपीटी संवाददाता

कांधला। हाईकोर्ट ने कस्बे के रेलवे रोड स्थित हिन्दू इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के भंग किये जाने वाले माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशों को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के निर्णय से प्रबंध समिति ने राहत की सांस ली है। हिंदू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति पर कॉलेज की परिसंपत्तियों के मामले में भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के आरोपों को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक लखनउ में शिकायत की गई थी। इन अनियमिताओं के दृष्टिगत संस्था में व्यापक अनियमिताओं के निराकरण एवं उनकी परिसंपत्तियों के प्रबंधन हेतु संस्था प्रबंध समिति को भंग करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शासन के आदेश पर रिसिवर नियुक्त किया गया था,लेकिन मामले में प्रबंधक आकाश कुमार सिंघल ने हाईकोर्ट प्रयागराज में आदेश को चुनौती देते हुए अपील की थी। मामले में प्रबंधक आकाश कुमार सिंघल का कहना है कि हाईकोर्ट ने उनके पक्ष को सुनते हुए उनके विरूद्ध किए गए आदेश को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश से प्रबंधक समिति ने राहत की सांस ली है।

संक्षेप समाचार :

रूद्र ऑटोमोबाइल पर मैजिक शो ओ व्हील्स का आयोजन

कांधला। कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर स्थित रूद्र ऑटोमोबाइल पर बुधवार को मैजिक शो ओ व्हील्स का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रुद्र ऑटोमोबाइल के प्रबंधक रोहित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम 26 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद वैन गांव गांव जाकर कंपनी का प्रचार प्रसार करेगी, साथ ही फाइनेंस कंपनियां भी अपनी-अपनी स्कीम के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करेगी। उक्त कार्यक्रम में मेरठ के मशहूर जादूगर वी सम्राट के द्वारा मैजिक शो दिखाया जाएगा। जिसमें वह तरह-तरह के करतब दिखाकर लोगों को वाहन चलाने और वाहन चलाने के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

35 हजार में कर रहे थे लिंग परीक्षण, रंगे हाथों पकड़ा

थानाभवन- हरियाणा से आई टीम ने दिव्या पैरामेडिकल अस्पताल में छापेमारी कर महिला के गर्भ में लिंग परीक्षण की जांच कर रहे टेक्नीशियन को रंगे हाथों पकड़ लिया। 35 हजार रुपये लेकर महिला का लिंग परीक्षण किया जा रहा था। टीम अब कार्रवाई में जुटी हुई है। टीम ने फिलहाल अल्ट्रासाउंड सेंटर को शामली स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर सील कर दिया है। हरियाणा राज्य की झज्जर एवं करनाल की संयुक्त पीसी पीएनटी टीम ने लिंग परीक्षण करते हुए शामली जनपद के थानाभवन दिव्या पैरामेडिकल अस्पताल में छापेमारी कर दी। जिसमें टीम ने रंगे हाथों लिंग परीक्षण करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। झज्जर के नोडल अधिकारी ने बताया कि उन्हें हरियाणा में जानकारी मिली थी कि करनाल में मौजूद अमित ठाकुर जो हिमाचल का निवासी हैं लिंग भ्रूण परीक्षण करवाता है जो एजेंट के रूप में काम करता है। उन्होंने करनाल की पीसीपीएनडीटी टीम की अधिकारी डॉक्टर शीनू से संपर्क करके योजना बनाकर अमित ठाकुर से एक गर्भवती महिला को मिलवाया। जिसके साथ अपनी महिला पुलिस कर्मचारी जो महिला की ननद के रूप में उनके साथ मौजूद थी। गर्भ में पल रहे बच्चे की जांच के लिए संपर्क किया। अमित ठाकुर ने उनसे 35000 रुपए की मांग की। इसके बाद महिला वह उसका पति एवं महिला पुलिस कर्मचारी एक गाड़ी में बैठकर अमित ठाकुर के साथ शामली जनपद पहुंचे शामली से वह थानाभवन दिव्या पैरामेडिकल के पास पहुंचे जहां बाइक पर सवार रजनीश एवं विजय नाम के दो व्यक्ति उन्हें मिले और उनसे गर्भ जांच के लिए ₹35000 लिए। जिसमें से ₹8000 उसने विजय को दे दिए। उसके बाद गर्भ जांच करने आई महिला के फर्जी नाम नेहा के नाम से एक फर्जी पर्ची बनाकर अस्पताल में बैठे डॉक्टर ने महिला का लिंग परीक्षण करना शुरू कर दिया।

ट्रैक्टर-ट्राली-वैगनआर कार की भिडंत, तीन घायल

एनपीटी संवाददाता

चौसाना। बिडौली मार्ग के कमालपुर गांव के निकट एक वैगनआर कार को को पुराल से भरे टैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। जिसके कारण कारण क्षतिग्रस्त हो गई और कार मे सवार तीन लोगो को गम्भीर चोटे आई। प्रत्यक्षदर्शियो का कहना है कि कार के एयरबैग खुलने के कारण कार सवारो की जान बच गई। चौसाना निवासी नीशू सैनी,राजेन्द्र सैनी व एक पडोसी शिवकुमार वैगनआर कार से करनाल से रात्रि मे करीब ग्यारह बजे कमालपुर पहुॅचें थें,उसी दौरान चौसाना की ओर से आ रहे पुराल से भरे टैक्टर-ट्राली ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई । प्रत्यक्षदर्शियो का कहना है कि टक्कर इतनी तेज थी कि कार टक्कर के बाद बिडौली की ओर घूम गई। गनीमत रही कि कार मे एयरबैग थे। हादसे के बाद एयरबैग खुल गये और चालक सहित अन्य दो की जाने बच गई। हादसे मे घायलों को पुलिस ने करनाल के कल्पना चावला अस्पताल मे भर्ती कराया। वही दूसरी ओर टैक्टर-ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। बुधवार की देरशाम घायल अपने घर पहुॅचें। पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार का कहना है कि हादसे के पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची थी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीएम-एसपी से मिली व्यापारियों की पांच सदस्यीय कमेटी

■ मुकदमें की निष्पक्ष जांच, कोर्ट के आदेश का पालन करने का दिया आश्वासन

एनपीटी संवाददाता

शामली। विवेक प्रेमी की गिरफ्तारी प्रकरण में व्यापारियों के धरना प्रदर्शन को देखते हुए बैकफुट पर आए प्रशासन ने सात सदस्यीय कमेटी को वार्ता के लिए आमंत्रित कर दिया जिसके बाद धरनास्थल से पांच गणमान्य लोगों की कमेटी ने डीएम व एसपी से भेंट की तथा विवेक प्रेमी पर लगाई गई धाराएं खत्म करने, उनकी रिहाई व दुकानों के मालिकाना हक के संबंध में बात की। अधिकारियों ने कमेटी को आश्वासन दिया कि विवेक प्रेमी के खिलाफ दर्ज मुकदमें की निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी, दुकानदारों को परेशान न करने व कोर्ट के आदेश पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। कमेटी में शामिल व्यापारियों ने कहा कि जिन दुकानों पर कोर्ट का स्टे है, अथवा जिसके पास दुकान से संबंधित बैनामे उपलब्ध हैं, उनसे दुकानें खाली न कराई जाए।

इन्होंने कहा...

व्यापारियों को विवेक प्रकरण की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया है। दुकानों को लेकर न्यायालय का जो भी आदेश होगा उसका पालन कराया जाएगा। दुकानदारों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

-रामसेवक गौतम, एसपी शामली

भोपाल आदर्श हत्यकांड के तार कैराना से जुड़े, मध्यप्रदेश पुलिस ने तीन पकड़े

गत 13 मार्च की रात्रि ट्रेन में बधाई न देने पर कैराना के फर्जी किन्नरों ने इलेक्ट्रिशियन की पीटकर हत्या करने के बाद शव को ट्रेन से फैंक दिया था

एनपीटी संवाददाता

कैराना। भोपाल गोंडवाना एक्सप्रेस में इलेक्ट्रिशियन आदर्श की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर उसका शव ट्रेन से फैंकने के मामले में मध्यप्रदेश पुलिस ने कैराना में दबिश डाली है,जिससे हड़-कंप मचा हुआ है। घटना को अंजाम देकर कैराना के नकली किन्नर मौके से फरार हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम कैराना तक पहुंची और छापेमारी करते हुए तीन किन्नरों को गिरफ्तार कर अपने संग ले गई।

आदर्श हत्याकांड को लेकर भोपाल से पुलिस टीम कैराना पहुँची, जहां उन्होंने आदर्श के कातिलों के घरों पे दबिश डालकर मौके से बिलाल उर्फ बिल्लो सहित तीन नकली किन्नरों को गिरफ्तार करके अपने संग भोपाल ले गई,जिसके बाद किन्नरों की फर्जेई टोली में हड़कंप मचा हुआ है। विदित रहे कि गत 13 मार्च को विदिशा के वार्ड 6 अयोध्या बस्ती निवासी आदर्श विश्वकर्मा (23) गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन में कथित किन्नरों द्वारा बधाई न मांगने पर पीट-पीट कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी।घटना से संबंधित वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था, जिसमें कथित किन्नरों की एक टोली युवक को ट्रेन में नीचे डालकर उसके साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे है,जबकि मौके पर मौजूद यात्री उनसे युवक को छोड़ने गुहार लगा रहे हैं,लेकिन किन्नरों के रूप में इन गुंडों ने युवक को बेरहमी से पीटा और अर्धनग्न होकर उसके ऊपर बैठ गए।मृतक के भाई सोहन ने एसपी भोपाल को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसका भाई भोपाल में एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर नौकरी करता था और ट्रेन से अपडाउन करता था। गत 13 मार्च को वह घर आने के लिए भोपाल से गोंडवाना एक्सप्रेस में सवार हुए था इसी दौरान कथित किन्नर भी ट्रेन में सवार हुए थे,जिन्होने सलामतपुर सांची पहुंचते ही उससे बधाई के पैसे मांगे। मना करने पर कथित किन्नरों ने उसके साथ मारपीट की और अर्धनग्न होकर उसके ऊपर कूदे। ट्रेन विदिशा रुकी तो घायल आदर्श ने उतरने के प्रयास किया,लेकिन उसे किन्नरों ने उतरने नही दिया।गंजबासौदा के पास उसे ट्रेन से नीचे फैंक दिया।जीआरपी पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी।तब मृतक का शव बरामद हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद कैराना निवासी कथित किन्नर मौके से फरार हो गए और आकर कैराना में अपने गुरु अन्नू के डेरे पर छुप गये। विश्वकर्मा समाज के लोगों द्वारा कैंडल मार्च निकालने व हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग के बाद भोपाल पुलिस हरकत में आई और स्थानीय किन्नरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए,तो हत्यकांड को अंजाम देने वाले सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गए,जिसके बाद भोपाल पुलिस टीम कैराना पहुँची और हत्यारोपियों की तलाश में छापेमारी की, जहां से बिलाल उर्फ बिल्लो सहित तीन कथित किन्नरों को हिरासत में लेकर भोपाल पुलिस अपने साथ ले गई।

डीएम-एसपी के साथ कारागार पहुंचे जिला जज, परखी व्यवस्था

एनपीटी संवाददाता कैराना। जनपद न्यायाधीश शामली विकास कुमार ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा डीएम-एसपी के साथ में मुजफ्फरनगर जिला कारागार पहुंचकर गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर वरिष्ठ जेलर को कारागार सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली प्रतिभा ने बताया कि बुधवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने जिला कारागार मुजफ्फरनगर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ जेलर को नियम, विनियम, निर्देश व आदेश दिए। जिला जज ने जेल में स्वच्छता के बारे में कई चिंताओं पर ध्यान आकर्षित किया। बैरक में रिसाव, पानी की टंकी के उचित स्थान, शौचालय की स्थिति व उच्च सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला जज ने बंदियों से जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के सम्बन्ध में पूछा, जिस पर बंदियों ने संतोष व्यक्त किया। बैरक में निरुद्ध बंदियों को जेल मैनुअल, कारागार में स्थापित लीगल एवं क्लीनिक तथा विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने महिला बंदियों से भी उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जिला जज ने जेल अधीक्षक को शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराने, शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाए जाने सम्बन्धी निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएम शामली अरविंद चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल शामली आलोक चौहान, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल जावेद अली, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल तरुण मित्तल भी मौजूद रहे।

जहर से हुई व्यक्ति की मौत, परिजनों का हत्या का आरोप

एनपीटी संवाददाता

कांधला। 45 वर्षीय व्यक्ति की जहर के सेवन से मौत हो गई। मामले में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीते मंगलवार को नगर के छोटी नहर जाट कांलोनी निवासी 46 वर्षीय युसूफ की विषैले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड गई थी। परिजनों ने गंभीर हालत में युसूफ को उपचार के लिये शामली के एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन रात के समय युसूफ की हालत बिगडने पर मौत हो गई। परिजन मृतक के शव को कांधला पंहुचें, जहां पर परिजनों ने मृतक की जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी क्षितिज कुमार का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

28 अप्रैल को उधमसिंह स्टेडियम में होगा ट्रायल

एनपीटी संवाददाता

शामली। एथलेटिक्स एसोसियेशन शामली के सचिव जबरसिंह खैवाल ने बताया कि 28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए 28 मार्च को शहीद उधमसिंह स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन होगा। ट्रायल में चयनित खिलाडी राज्य स्तर के लिए रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली में 10 11 अप्रैल को प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग के लिए 100, 200, 400, 800, 1500, 5000 व 10 हजार मीटर, 3000 मीटर स्एबेलचेस, 110 मीटर हर्डल, 400 मीटर हर्डल, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जम्प, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताएं होंगी। ट्रायल में हिस्सा लेने वाले खिलाडियों की आयु 16 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

वार्षिक अभिभावक बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह भव्य रूप से संपन्न

एनपीटी संवाददाता

कांधला। मंगलवार को बुढ़ाना मार्ग गांव डांगरोल के समीप स्थित प्राइड अकादमी, स्कूल में में वार्षिक अभिभावक बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना से हुई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसन्न चौधरी विधायक, राष्ट्रीय लोकदल रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन से अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बिजेंद्र मलिक, अरविंद पंवार जी जिला पंचायत सदस्य, रामनिवास चौहान पूर्व प्रधानाचार्य, कांधला एवं सुधीर मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को शिक्षा व नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात, विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री प्रसन्न चौधरी एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे छात्रों में नया उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम तोमर जी एवं प्रबंधक अजितेश तोमर की देखरेख में इस पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। साथ ही, सरिता बधवार, पुलकित राठी, रविंद्र तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

कोतवाली के कंप्यूटर कक्ष के लैंटर का हिस्सा गिरा, बाल-बाल बची पुलिसकर्मी

एनपीटी संवाददाता शामली। बुधवार को कोतवाली के कंप्यूटर कक्ष के लैंटर का एक बडा हिस्सा अचानक टूटकर गिर जाने से वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गयी। शोर शराबा होने पर अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा महिला पुलिसकर्मी को कक्ष से बाहर निकाला। इस घटना में कक्ष में रखे कंप्यूटर व फर्नीचर को भी नुकसान पहुंचा।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कोतवाली स्थित कंप्यूटर कक्ष में महिला पुलिसकर्मी कार्य कर रही थी, इसी दौरान अचानक लैंटर का एक बडा टुकडा अचानक टूटकर गिर गया जिससे कंप्यूटर पर कार्य कर रही महिला पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गयी लेकिन कंप्यूटर व फर्नीचर को काफी नुकसान पहुंचा। महिला पुलिसकर्मी की चीख व शोर शराबा सुनकर आसपास मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे तथा महिला पुलिसकर्मी को कक्ष से बाहर निकाला। लैंटर का बडा हिस्सा टूटकर गिरने से पुलिसकर्मियों में भी हडकंप मच गया। वह तो गनीमत रही कि कोई मलबे की चपेट में नहीं आया नहीं तो बडा हादसा हो सकता था। बाद में किसी तरह कक्ष में फैला मलबा वहां से हटाया गया।

अंडरपास का निर्माण बंद होने पर रेलमंत्री से मिले जिला पंचायत सदस्य उमेश

शामली। गांव भैंसवाल निवासी जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार व सुनील मलिक कुडाना ने बाइपास पर रेलवे लाइन के अंडरपास का निर्माण बंद होने पर रेलमंत्री से निर्माण शुरू कराए जाने की मांग की। रेलमंत्री ने जल्द ही कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2016 में नवीन जिला मुख्यालय को दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोडने के लिए लगभग तीन किमी. सडक का निर्माण लगभग 18 करोड की लागत से हुआ एवं इस बाईपास पर रेलवे लाइन के अंडरपास के निर्माण के लिए लगभग 4 करोड 15 लाख रुपये प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग शामली ने रेलवे विभाग दिल्ली को हस्तांतरित किए थे। इस पर काम बहुत विलंब से शुरू हुआ। उन्होंने इस विषय को बोर्ड बैठक में कई बार उठाया, इसके बाद 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद धन के अभाव में यह बंद हो गया।

किसान के आवास पर हुई गन्ना कृषक जागरूकता गोष्ठी

एनपीटी संवाददाता

कांधला। क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित किसान के आवास पर गन्ना कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में दर्जनों किसानों ने भाग लिया।

गांव पंजोखरा निवासी किसान सोहनबीर के आवास पर गन्ना कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान के अंतर्गत किसानों को गन्ना बुवाई की विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। केन डेवलपमेंट हेड सीपी मलिक ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि जिन गन्ना प्रजाति में अधिक रोग आ रहे है,उनके स्थान पर किसी दूसरी प्रजाति के गन्ने का उत्पादन करना चाहिए,जिसके परिणाम स्वरूप फसल में आने वाला खर्च कम होगा और उत्पादन बढ़ने से किसान की आय भी बढ़ेगी। डीसीओ रणजीत सिंह कुशवाहा ने कहा कि किसान को कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव गन्ना फसल में सही समय पर और सही तरीके से करना चाहिए,तभी कीटनाशक दवाई अपना सही काम कर पाती है। कुशवाहा ने कहा कि गन्ना मिल की ओर से किसानों को दवाई पर सब्सिडी दी जा रही है और साथ ही गन्ना बुवाई के आधुनिक यंत्र भी मिल द्वारा किसानों को उपलब्ध कराने की सुविधा दी जा रही है। साथ ही गोष्ठी में मौजूद अन्य अधिकारियों ने भी गन्ना फसल की बुवाई और रोगों के बारे में जानकारी और बचाव के उपाय बताए। गोष्ठी के दौरान सुशील पंवार सप्लाई हेड,जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक प्रेम नारायण शुक्ला,ओमप्रकाश सिंह, यशपाल सिंह, सोमपाल सिंह,डॉक्टर पवन कुमार,श्यामू, संतरपाल, रायसिंह, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणांचल के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे बैंकिंग सेवाओं का लाभ:भारद्वाज

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के चेयरमैन ने यूसुफपुर उर्फ चौतरा में वर्चुअल माध्यम से किया नई शाखा का उद्घाटन

एनपीटी संवाददाता

कैराना। बुधवार को यमुना खादर क्षेत्र में स्थित तहसील क्षेत्र के गांव यूसुफपुर उर्फ चौतरा में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन संस्था के चेयरमैन संजीव भारद्वाज द्वारा मुजफ्फरनगर के रोहाना से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वर्चुअल माध्यम से किया गया। उन्होंने बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर जोर देते हुए नए ग्राहकों को एटीएम, चेकबुक, मोबाइल बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाओं से परिचित कराया। चेयरमैन ने लोगो को बैंकिंग सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नए ऋण खाता धारकों को ऋण राशि तथा केयर स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मृतक आश्रितों को बीमा राशि के चेक भी वितरित किए गए। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक यूसुफ खान की कार्यशैली की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कहा कि उनके नेतृत्व में मुजफ्फरनगर क्षेत्र में नई शाखाओं के माध्यम से बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। चेयरमैन ने बैंक की पर्यावरणीय जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पहले सोलर ज्योति स्तंभ का शुभारंभ भी किया। यह पहल बैंक की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय प्रबंधक यूसुफ खान ने बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की और ग्राहकों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जनमानस को समर्पित इस शाखा रूपी पौधे को क्षेत्र के लोगो के स्नेह और सहयोग से सींचकर एक फलदार वृक्ष बनाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय प्रबंधक (डीआरएम) अभिलेख सिंह, रोहाना शुगर मिल महाप्रबंधक लोकेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख धनप्रकाश, सुनील बालियान, इर्तजा हुसैन जैदी, मनुकुश चौहान, मालती देवी समेत बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

आवश्यकता है

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

आदिल राणा
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

जिला प्रशासन की पहल पर प्रोजेक्ट जागृति के तहत 24 घंटे खुले रहेंगे दवाई दुकान

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ जिला में अल्प समयावधि में ही अपनी छवि आम जनों के हृदय में समा चुके डीसी मनीष कुमार ने पाकुड़ को संवारने की दिशा में कई महत्वपूर्ण अवयवों को धरातल पर वास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने की भूमिका सुनिश्चित करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में प्रोजेक्ट परखः- तैयारी उड़ान की, प्रोजेक्ट प्रयासः- हुनर से होनहार तक का सफर, प्रोजेक्ट प्रारम्भ, प्रोजेक्ट परिवर्तन, प्रोजेक्ट एस०आई०पी०, प्रोजेक्ट आहार, प्रोजेक्ट समावेश, प्रगतिशील पाकुड़

के साथ - साथ प्रोजेक्ट जागृति (बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम) की शुरूआत भी की है। वही पाकुड़ जिले के सर्वसाधारण को बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रोजेक्ट जागृति अन्तर्गत जिला प्रशासन के प्रयास से अब पाकुड़ जिले में भी दवाई दुकान प्रत्येक दिन 24 घंटे खुले रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा 24 घंटे दवाई दुकान खुले नहीं होने की दिक्कत महसूस की एवं इसकी गंभीरता को समझते हुए प्रोजेक्ट जागृति अन्तर्गत ड्रग्स एवं केमिस्ट एसोसिएशन के साथ बैठक किया गया और दवाई दुकान के प्रत्येक दिन 24 घंटे खुले रहने हेतु दुकानों की सूची तैयार की गई। जिला प्रशासन ड्रग्स एवं केमिस्ट एसोसिएशन का भी विशेष आभार प्रकट करता है। प्रत्येक दिन 24 घंटे खुले रहने हेतु तैयार की गई। दुकानों की सूची आप सभी के साथ शेयर की जा रही है। आपलोगों से अनुरोध है कि आप इसका लाभ उठाये। जिला प्रशासन बेहतर तथा सुदृढ़ पाकुड़ बनाने हेतु प्रयासरत है।

मोटरसाइकिल चोरी की वृत्तांत को ले पुलिस ने छह व्यक्ति को धर दबोचा

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़(झा०खं०), मोटरसाइकिल चोरी की वृत्तांत को ले पुलिस ने 6 व्यक्ति को धर दबोचा। दरअसल पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को गुप्त सूचना मिली थी कि पाकुड़ नगर स्थित बस स्टैंड के समीप तीन संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल चोरी करने के फिराक में है। सूचना की सत्यापन और आगे की कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के निर्देशानुसार एसडीपीओ डीएन आजाद की नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। साथ ही गठित टीम द्वारा छापेमारी के दौरान पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम नया योजना से चोरी हुई मोटरसाइकिल का पार्ट्स एवं कोयला मोड़ से चोरी के मोटरसाइकिल (लाल रंग का ग्लैमर) के साथ 6 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर नगर थाना कांड संख्या- 89 /2025 विभिन्न सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। वही इस कांड में हिरणपुर थाना क्षेत्र समेत पाकुड़ मुफस्सिल थाना एवं अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के अलावे नगर थाना के भी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बताया कि लगभग 20 वर्षीय जय दे हिरणपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और वो मंडल कारा, पाकुड़ का कैदी भी रहा है, जो महज 20 दिन पहले ही एक केस से रिहा होकर जेल से बाहर आये थे । साथ ही जय दे की अपराध का पुतना इतिहास भी रहा है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इनके अलावे पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के 21 वर्षीय अंकित कुमार, अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के लतीफ अंसारी तथा पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अतिकुर रहमान, सहिबुर रहमान एवं मो० मोबाशेर को भी मोटरसाइकिल चोरी की वृत्तांत में गठित छापेमारी टीम के द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही चोरी के मोटरसाइकिल का पार्ट्स भी बरामद किया गया है। साथ ही चोरी के लाल रंग का ग्लैमर मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के भी बरामद किया गया है। वही समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई कर रही थी।

रामनवमी पर्व एवं ईद- उल- फितर त्यौहार को ले पाकुड़ मुफस्सिल थाना में की गई शान्ति समिति की बैठक

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), आगामी रामनवमी पर्व, ईद - उल - फितर, सरहुल पर्व अन्य पर्व को ले शान्तिपूर्ण समिति की बैठक अंचल अधिकारी भागीरथ महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू व एसडीपीओ डीएन आजाद की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी त्यौहार यानी रामनवमी पर्व, ईद - उल - फितर, सरहुल एवं अन्य पर्व - त्यौहार को लेकर थाना क्षेत्र से आये उपस्थित गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधिगणों से बारी- बारी से शान्तिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ गंगा-यमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए उत्साह के साथ पर्व - त्यौहार मनाने को ले कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा के उपरांत त्यौहार को ले विधि व्यवस्था संध्यानार्थ के ध्यानार्थ आवश्यक अवयवों को सुनिश्चित करने की भी चर्चाएं हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम के साथ-साथ, एंबुलेंस, ट्रैफिक व्यवस्था, लाइट अन्य अवयवों की सुझाव को भी पेश किया गया। अंचल अधिकारी भागीरथ महतो ने शान्तिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील भी की। वही एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि आगामी त्यौहार यानी ईद - उल - फितर, रामनवमी पर्व, सरहुल अन्य पर्व- त्यौहार को लेकर शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित कई महानुभावों समेत ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी सुझाव पेश किया। तत्पश्चात शान्ति पूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की सहमति बनी। साथ ही शान्तिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाने, विधि व्यवस्था कड़ी करने समेत कई अहम बिंदुओं पर भी विशेष ध्यानाकर्षण किया गया। उन्होंने कहा कि नमाजे ईद के समय एवं जुमा की नमाज के ध्यानार्थ मस्जिदों समेत ईदगाह में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की भी बातें कही। साथ ही रामनवमी अखाड़ा को लेकर भी रुट निर्धारित किया गया, जो तय समयावधि के अनुसार निर्धारित रुट से अखाड़ा की कार्यक्रम करने की ताकीद की गई। बैठक में थाना प्रभारी संजीव कुमार झा, एसआई अनंत साहा अन्य पुलिस पदाधिकारी सहित पूर्व जिला परिषद सदस्य हाजीकुल आलम, मुखिया मजिबुर रहमान, मोरफुल शेख, हारुन रसीद अन्य मुखिया एवं गुलाम रसुल, अजहर शेख, अतिकुर रहमान समेत काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता सह- विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड शिक्षा परियोजना पाकुड़ प्रोजेक्ट परख (तैयारी उड़ान की) के तहत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत बुधवार को रविन्द्र भवन टाउन हॉल में कक्षा 06 से 08 वीं के छात्रों के लिए जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार एवं एडीपीओ पीयूष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपायुक्त मनीष कुमार* ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी बच्चों यहां से जरूर कुछ सीखकर जाएं। उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें नई खोज एवं अविष्कार की दिशा में प्रेरित करना था। इसके अलावा उपायुक्त ने विज्ञान प्रदर्शनी का किया निरीक्षण। उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला शिक्षा अधीक्षक अनीता पुरती ने रविन्द्र भवन में लगाये गये विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और छात्रों से विज्ञान प्रदर्शनी से सम्बन्धित जानकारी ली और उनकी कार्यो की सराहना की। उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की।

विधायक निशात आलम की ओर से 28 मार्च को आयोजित होगी दावत ए- इफ्तार कार्यक्रम, की अपील

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), तनवीर आलम ने पाकुड़ स्थित रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम का दावत ए- इफ्तार कार्यक्रम को ले तैयारी का जायजा लिया। दरअसल झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 में सर्वाधिक मतो से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से विजय रहे निशात आलम की ओर से दावत ए- इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च 2025 शुक्रवार को पाकुड़ स्थित रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में किया गया है। झारखण्ड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने दावत ए- इफ्तार कार्यक्रम की तैयारी को ले स्थलीय (रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम का) निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वही तनवीर आलम ने क्षेत्र के तमाम रोजेदारों समेत महागठबंधन के कार्यकर्ताओं समेत पदाधिकारीगणों को आह्वान करते हुए ससमय अवधि में ही दावत - ए- इफ्तार कार्यक्रम में शिरकत करते हुए दुआ की अपील की है। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, बेलाल शेख, नसीम आलम, ए. गंगूली अन्य मौजूद थे।

श्री राम कथा का आयोजन का होगा आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

रांची, भव्य तरीके से श्री राम कथा का आयोजन 20 अप्रैल से 29 अप्रैल को हाई टेंशन दुर्गा मन्दिर, चुटिया मे आयोजित किया जायेगा । जिसमें मुख्य रुप से लक्ष्मी कुबेर यज्ञ, आयुर्वेद शिविर का भी आयोजन होगा । इस राम कथा में मुख्य कथा वाचक श्री श्री 1008 महात्मा मंडलेश्वर ब्राह्मयाडे स्वामी पुरी महराज होंगे । इस सम्बन्ध में 25 मार्च 2025 को श्री राम कथा के भव्य आयोजन की सफलता हेतु महात्मा साई संजीवनी सेवा की ओर से हाईटेंशन दुर्गा मंदिर में समीर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में राम कथा के भव्य आयोजन की सफलता हेतु नई कमिटि का गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया और नई कमिटि गठित भी की गई । जिसमें मुख्य रुप से सर्वसम्मति से संयोजक ब्रजेश कुमार, संरक्षक-मदन सिंह, कैलाश केशरी, अशवनी शर्मा, अध्यक्ष-समीर सिंह, मिडिया प्रभारी-विजय शंकर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष-ममता देवी, उमेश कुमार राय, शिव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष- विनय कुमार दुबे(पहलवान), पिंकी सिंह, रुक्मणी देवी, अमर कुमार शास्त्री, कामता यादव सचिव-कुमार सावन, सहसचिव- संजय सिन्हा, अजय कुमार, श्याम किशोर सिंह, श्याम पाण्डेय, प्रमोद ठाकुर, लव कुश यादव, विजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष- सत्यम कुमार दत्ता, सह- कोषाध्यक्ष- चन्द्र देव ठाकुर, लेखापाल-अमर वर्मा, शिवानी सिंह सह- लेखापाल - हर्षित कुमार , सुगम कुमार , सदस्यता- बिद्धु प्रसाद बनाये गये है । धन्यवाद ज्ञापन इस कार्यक्रम के संयोजक ब्रजेश कुमार ने किया। उपरोक्त जानकारी श्री राम कथा आयोजन कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी विजय शंकर नायक ने साझा किया।

हेमन्त सरकार ने आंगनबाड़ी सेविकाओ की दी स्मार्टफोन

एनपीटी ब्यूरो

रांची (झा०खं०),झारखण्ड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं अन्य को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। बुधवार को इस आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आपसे किया हुआ वादा आज निभाया गया है। आज आपको स्मार्टफोन मिला है। वैसे आप में से बहुत लोगों के पास पहले से ही स्मार्टफोन होगा। सरकार की ओर से आज आधिकारिक रूप से आपको स्मार्टफोन दिया गया है। बदलते समय में जरूरी है कि आप भी तकनीकी रूप से दक्ष हो। इससे आपके केन्द्र में चल रही गतिविधियों को रियल टाइम अपडेट करने में आपको बहुत मदद मिलेगी। साथ ही मॉनिटरिंग में भी यह आपकी सहायता करेगा

तकनीकी रूप से सशक्त होंगी आंगनबाड़ी सेविकाएं और महिला पर्यवेक्षिका। इससे रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सकेगा। रांची की 100 एवं खूंटी की 50 आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं ढटव में कार्यरत कर्मियों को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। अब स्मार्ट फोन का उपयोग कर सरकार, अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद आसान होगा। मुख्यमन्त्री ने कहा आंगनबाड़ी केन्द्रों की रोजमर्रा के कार्य को आप दर्शा सकतीं हैं। केन्द्र की गतिविधियों को अपडेट करते रहना है। सरकार द्वारा बताए गये ऐप से कार्य करे एवं निर्देशों के अनुरूप इस मोबाइल का उपयोग करे तो मुझे लगता है, आपको दिक्कतों का समाधान आसानी से हो सकता है।

पाकुड़ में होगी नीट परीक्षा 2025, डीसी - एसपी ने की बैठक

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), नीट-यूजी परीक्षा 2025 को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर डीसी और एसपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने परीक्षा केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने नीट-यूजी परीक्षा को लेकर केन्द्र पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने हेतु दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट जिले के पाकुड़ राज+2 एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ में आयोजित की जायेगी।

भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा एजुकेशनल रॉकस्टार, एचीवर्स आवर्ड का हुआ आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), बीते 26 मार्च 2025, पाकुड़, भारती एयरटेल फाउंडेशन, पाकुड़ के द्वारा डाइट भवन पाकुड़ , के सभागार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये एजुकेशनल रॉकस्टार एचीवर्स आवर्ड का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवार्ड में पाकुड़ जिले के 2 प्रखण्ड क्रमशः पाकुड़, महेशपुर के 35 विद्यालयों से शिक्षको ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य संतोष गुप्ता के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिक्षकों के द्वारा बनाये गये टीएलएम का प्रदर्शन

एवं उसका प्रस्तुतिकरण रहा। सभी शिक्षकों ने एक से बढकर एक टीएलएम के अनुप्रयोग पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में राकेश कुमार रजक, विनोद कुमार सिंह, प्रमोद पांडे, भारती एयरटेल फाउंडेशन से अभिषेक कुमार एवं अरुण कुमार ने शिक्षकों के प्रस्तुतिकरण को गहनता पूर्वक अवलोकन किया। इसके उपरांत अवार्ड के लिये सफलतम प्रतिभागियो की घोषणा की गई। प्राथमिक विद्यालय श्रेणी के विजेताओं का नाम प्रथम संजय कुमार स्वर्णकार (उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर), द्वितीय जिकेन यादव (उ. म. वि. सुन्दरपहरी) तृतीय दुलाल मंडल (उत्क्रमित मध्य विद्यालय सीतापहारी) तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रेणी के विजेताओं के नाम प्रथम प्रमिला कुमारी चौधरी (रानी ज्योतिर्मय गर्ल्स हाई स्कूल पाकुड़), द्वितीय, श्यामल कुमार दास(उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय गड़वारी तथा बाबुल अली (पीएम श्री Harindanga+2 high school पाकुड़ है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भारती एयरटेल फाउंडेशन के एकेडमिक मेंटर अरुण कुमार उपाध्याय,अभिषेक कुमार का प्रयास काफी सराहनीय रहा।

फार्मर रजिस्ट्री में 81.92% के साथ जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर, इतने किसानों ने कराया पंजीयन

सिरोही। केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 65,965 पीएम किसान लाभार्थियों के विरुद्ध 54,069 किसानों का पंजीकरण अब तक किया जा चुका है। फार्मर रजिस्ट्री में प्रदेश में सिरोही जिला दूसरे स्थान पर रहा है। जिले में 65,965 पीएम किसान लाभार्थियों के विरुद्ध 54,069 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 81.92 प्रतिशत है। 24 मार्च 2025 को जारी की गई समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर सिरोही जिला राज्य स्तरीय रैंकिंग में दूसरे पायदान पर रहा है। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के आदेश दिए हैं जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में है।

इस महीने के अंतिम सप्ताह में शत-प्रतिशत काश्तकारों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए डोर-टू-डोर संपर्क करना आवश्यक है। इसके लिए ई-केवाईसी हेतु ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत कनिष्ठ सहायक तथा भूमि सत्यापन के लिए पटवारियों की पंचायतवार संयुक्त टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए

इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे शिक्षाविद

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में ₹बहुविषयक अनुसंधान में उभरते रुझान₹ विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एन.एच. सुब्बलिंगा स्वामी (सलाहकार, छात्रवृत्ति एवं अनुदान ब्यूरो, एआईसीटीई), पुनीत अग्रवाल (वाइस चेयरमैन), डॉ. अजय कुमार (निदेशक), डॉ. संजय सिंह (कैंपस निदेशक, एमआईईटी मेरठ), डॉ. मीनाक्षी शर्मा (डीन, छात्र कल्याण), डॉ. जुगल किशोर गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. अक्षय द्विवेदी (डीन, एसआरआईसी, आईआईटी रुड़की) और डॉ. मुत्थु सिंगाराम (आईआईटी मद्रास) ने अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम रुझानों पर अपने विचार साझा किए।

सम्मेलन में 90 से अधिक शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 60 शोधपत्रों को संशोधन के उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। सभी शोधपत्रों की मौलिकता की जांच सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई। इस सम्मेलन को रूस, शिकागो, कनाडा सहित दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और अन्य प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी संस्थानों से शोधपत्र प्राप्त हुए, जो इस आयोजन की वैश्विक प्रासंगिकता को दशार्ता है। तकनीकी सत्रों के दौरान नवीन विषय ₹मेमोरी उपकरणों में नैनोइलेक्ट्रॉनिक्स पर प्रो. (डॉ.) सज्जाद अहमद लोन (जामिया मिलिया इस्लामिया) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर डॉ. जुगल किशोर गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. विजई सिंह, डॉ. राणा तबस्सुम, डॉ. पूजा द्विवेदी, डॉ. स्वाति वेद एवं अरुण कुमार शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन ने बहुविषयक अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा देने का कार्य किया, जिसमें शिक्षाविदों और शोधकताओं ने अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

टीबी मुक्त गाजियाबाद और टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी के बारे में विस्तार से दी जानकारी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। सेहत सही लाभ कई स्मार्ट के सौजन्य से टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर सामुदायिक रेडियो स्टेशन जागरुकता कार्यक्रम चला रहे हैं। इसी कड़ी में हिन्ट रेडियो ने आरडीसी स्थित चाय की टपरियों पर बैठकर चुस्की व धुआं उड़ाने वाले युवा वर्ग के बीच पहुंचकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उन्हें टीबी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवाओं को बताया गया कि टीबी की बीमारी कोई गरीबों की बीमारी नहीं है बल्कि यह तो लापरवाही बरतने पर किसी को भी हो सकती है। अतः टीबी मुक्त गाजियाबाद और टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। हिन्ट रेडियो की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देने वाली युवाओं की टीम को इतने बेहतर ढंग से अपनी बात युवाओं तक पहुंचाने पर अपना आभार व्यक्त किया।

खरीदारों को बड़ा झटकाः ग्रेटर नोएडा में महंगी होगी रजिस्ट्री, सर्किल रेट में 70 प्रतिशत की वृद्धि

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा ।गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने सर्किल रेट में 15 से 70 प्रतिशत की वृद्धि की है। जिसको लेकर सर्किल रेट की प्रस्तावित दरों की सूची जारी की गई है। लोग प्रस्तावित दरों पर 5 अप्रैल तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

जिला प्रशासन ने सर्किल रेट की प्रस्तावित दरों का बदलाव के साथ प्रकाशन कर दिया है। अलग-अलग श्रेणी की भूमि में 15 से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। जेवर तहसील में कृषि भूमि के सर्किल रेट में 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में फ्लैटों की रजिस्ट्री भी महंगी हो जाएगी। यहां सर्किल रेट में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि प्रस्तावित की है। प्रशासन ने प्रस्तावित दरों पर जिले के लोगों से 5 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी है। आपत्तियों को निस्तारण करने के बाद प्रशासन सर्किल रेट की नई दरों को लागू करेगा।

गौतमबुद्ध नगर में वर्ष 2016 के बाद से सर्किल रेट की दरों में बदलाव नहीं हुआ है। अब किसानों के दबाव और सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन ने सर्किल रेट की दरों में बदलाव किया है। जेवर तहसील में कृषि भूमि के सर्किल रेट में 70 प्रतिशत की वृद्धि की है। अभी जेवर में कृषि भूमि का सर्किल रेट 900 रुपये प्रति वर्ग मीटर है। इसको बढ़ाकर 1550 रुपये प्रति वर्ग मीटर किया गया है। हाल ही में सरकार ने एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों की जमीन का मुआवजा 4300 रुपये प्रति वर्ग मीटर किया है। अब प्रस्तावित सर्किल रेट भी उसी हिसाब से तय किया गया है। पिछली बार वर्ष 2016 में जेवर क्षेत्र में कृषि भूमि के सर्किल रेट में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।

प्राधिकरण के भूखंड़ों में 10 से 20 प्रतिशत वृद्धि

प्रशासन ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक, आईटी, आईटीईएस, वाणिज्यिक भूखंड व वाणिज्यिक संपत्तियों के सर्किल रेट में भी वृद्धि की है। तीनों जगह सर्किल रेट 10 प्रतिशत बढ़ाया गया है। हालांकि जेवर तहसील के वाणिज्यिक भूखंड और वाणिज्यिक संपत्तियों के सर्किल रेट में 18 से 20 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की है। उधर कार्यालय उपयोग के भूखंडों के सर्किल रेट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है।

नोएडा से महंगी होगी ग्रेनो में फ्लैटों की रजिस्ट्री

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के दो लाख से अधिक खरीदारों पर रजिस्ट्री का अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला है। प्रशासन ने फ्लैटों की रजिस्ट्री के सर्किल रेट में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। नोएडा में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के फ्लैट व अपार्टमेंट की दरों में 20 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। जबकि दादरी और सदर तहसील क्षेत्र में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। ऐसे में जो खरीदार लंबे समय से रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहे है, उन पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। साथ ही नए खरीदारों पर भी रजिस्ट्री का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

एलआईयू को सूचना एकत्रित करने के लिए दायरा बढ़ाने के निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बुलंदशहर। डीआइजी कलानिधि नैथानी ने बुधवार को पुलिस कार्यालय, नगर कोतवाली, रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण केंद्र का वार्षिक निरीक्षण किया। साथ ही अभियोजन में बुलंदशहर रेंज में प्रथम स्थान पर रहने पर प्रशंसा की। आगामी त्योहार अलविदा जुमा, ईद व नवरात्र, रामनवमी के दृष्टिगत शहर स्थित शाही ईदगाह व राजराजेश्वर मंदिर का भ्रमण किया गया। उन्होंने नगर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एलआईयू को सूचना एकत्रित करने के लिए अपना दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय का भ्रमण कर उच्चीकृत करने और कार्यालय को आगंतुक सुलभ बनाने, बीट कर्मी के कार्यों की समीक्षा करने के साथ सभी एलआइयू कर्मियों को निर्देश दिए कि अपनी बीट में रहें। मुख्यालय से बीट न चलाएं। शहर एलआईयू की बीट में कम से कम एक दारोगा नियुक्त करें, जो सीधे एसपी सिटी/एएसपी को रिपोर्ट करें। कर्मियों का बीट निर्धारण सही करें और एसएसपी कार्य वितरण की समीक्षा करें। बीट प्रभारी देखें की नए नए दल कलक्ट्रेट में ज्ञापन देते हैं। उनके कार्ड जारी करें तथा जो लोग आदतन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके कार्ड खोले जाएं।

विदेशी नागरिकों के आवागमन पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए होटल आदि समय से सूचना दें, विलंब करने या सूचना छिपाने पर होटल को नोटिस जारी करें एवं विदेशी अधिनियम में मुकदमा दर्ज करें। जमात में जिले में आने वाले व जमात के लिए बाहर जाने वाले लोगों के बारे में सूचना संकलन कर वरिष्ठ अधिकारियों को समय से अवगत कराए। अलविदा जुमा, ईद, नवरात्र व रामनवमी आदि पर कुशल कर्मियों की ड्यूटी लगाएं।

नए कानून बीएनएस के तहत महिला संबंधी अपराध में जिले में सजा कराई गई है। आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अभियोग चिहिन्त कर प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक सजा कराएं। सबसे पुराने 50 केसो की सूची अभियोजन शाखा, पुलिस विभाग को उपलब्ध करा दें ताकि पैरवी करके उनका शीघ्र निस्तारण कराया जा सके।

कोर्ट पैरोकार, सम्मन वारंटों की प्रतिदिन थाने में एंट्री कराएं। इस दौरान एसएसपी श्लोक कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन नवीन कुमार दूबे, डीजीसी क्रिमिनल राहुल उपाध्याय, एसपी सिटी शंकर प्रसाद, एसपी अपराध नरेश कुमार, एएसपी लाइन ऋजुल, प्रभारी एलआईयू निरीक्षक नरेश कुमार उपस्थित रहे।

गाजियाबाद की हवा खराब!: ये इलाका बना गैस चैंबर, मार्च में ही AQI पहुंच गया 424; बना देश का तीसरा प्रदूषित शहर

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हवा की गुणवत्ता खराब है। लोनी इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक 424 दर्ज हुआ है। जो गंभीर श्रेणी में है। मार्च के महीने में ही गाजियाबाद में हवा खराब हो रही है।

गाजियाबाद में अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। बुधवार को लोनी गैस चैंबर बन गया। यहां शाम पांच बजे सीपीसीबी के समीर एप पर यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 424 दर्ज किया गया।

इसके साथ ही गाजियाबाद और इंदिरापुरम का एक्यूआई भी 300 के पार पहुंच गया। बढ़े हुए एक्यूआई के साथ गाजियाबाद देश का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। शहर की हवा हर दिन बिगड़ती जा रही है।

बावजूद इसके न तो लोगों की लापरवाही कम हुई है और न ही अब तक विभागीय अधिकारियों ने कोई निगरानी ही शुरू की है। लोनी में हर दिन कूड़े के ढेर में आग लगाई जा रही है। दो दिन पूर्व भी कूड़े के ढेर में आग लगी थी। वहीं बुधवार को भी टीला मोड़ क्षेत्र में सड़क किनारे कूड़े के ढेर में आग लगाई गई।

इस बार ऐतिहासिक होगा हिंदू नव वर्ष भगवान भगवा की तैयारी - गौतम चौहान

नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा युगाब्द 5127सं विक्रमवत 2082 30 मार्च 2025 विश्व के सबसे प्राचीनतम सनातन हिंदू नववर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) का धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक और वैश्विक महत्व इस दिन के सूर्योदय से जगतपिता ब्रह्माजी ने #सृष्टि की रचना की शुरूआत पुराणों में लिखी है कि जिस दिन सृष्टि का चक्र प्रथम बार विधाता ने प्रवर्तित किया वह चैत्र सुदी एकम का दिन था, चैत्र मास के दर्शन में भगवान नारायण का ही रूप है। चैत्र का आध्यात्मिक स्वरूप इतना उन्नत है कि वैकुंठ में बसने वाले ईश्वर को भी धरती पर स्थापित किया गया था। यह शक्ति और भक्ति के नौ दिन हैं अर्थात #नवरात्र का पहला दिन है मयार्दा पुरुषोत्तम #प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का दिन, स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की स्थापना की थी और कृण्वंतो विश्वमार्यम्‌ का संदेश दिया था, सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य की स्थापना की थी। विक्रमी संवत का पहला दिन शुरू होता है। शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम जी की जयंती भी इसी दिन आती है संघ के संस्थापक पं. डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म दिवस राजस्थान राज्य की स्थापना भी चैत्र शुक्ल एकम वर्ष प्रतिपदा को हुई (30 मार्च 1949) '

गाजियाबाद में वारदातः प्रधानाचार्य से लूटा मोबाइल और रुपये, फिर चलते ऑटो से दिया धक्का

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। गाजियाबाद में दिल्ली के छज्जूपुर में रहने वाले इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य से लूटपाट की वारदात सामने आई है। ऑटो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है।

शहर में ऑटो चालक सवारियों से लूटपाट की वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे हैं। सहारनपुर स्थित इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य से भी ऑटो चालक और उसके साथी ने लूटपाट की। विरोध करने पर चलते ऑटो से सड़क पर धक्का दे दिया। इससे प्रधानाचार्य घायल हो गए। घायल ने नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही ऑटो की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी हैं।

दिल्ली के छज्जूपुर क्षेत्र की गली नंबर चार निवासी चंद्र किशोर (48) ने बताया कि वह सहारनपुर स्थित स्टार पेपर मिल के नजदीक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। बताया कि शनिवार को वह चंदौसी निवासी अपने बेटी के घर गए थे। रात करीब नौ बजे वह लाल कुआं उतरे और ऑटो में सवार होकर रेलवे रोड पर उतर गए। जहां से नीले रंग के बैटरी चालित ऑटो में मोहननगर जाने के लिए सवार हो गए।

प्रधानाचार्य ने बताया कि ऑटो में चालक के साथ एक अना युवक भी पीछे बैठा था। दोनों ने मोहन नगर जाने के लिए दूसरा रास्ता बताया और राजनगर एक्सटेंशन रोड की ओर ऑटो दौड़ा दिया। विरोध करने पर उन्होंने सुनमान जगल पर ऑटो रोका और चाकू दिखाकर जेब में रखा पर्स और पांच हजार रुपये की नकदी के साथ-साथ मोबाइल भी लूट लिया। ऑटो चालक ने धमकी दी कि शोर मचाने पर हत्या कर दी जाएगी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्होंने ऑटो चालक से मिन्नत की कि सुनसान स्थान को वह नहीं जानते उन्हें सड़क तक छोड़ दें यह घटना की बात किसी को नहीं बताएंगे। दोनों ने प्रधानाचार्य को ऑटो में बैठाया और सड़क पर लाकर चलते ऑटो से धक्का दे दिया। जिसके बाद पीड़ित पैदल एक मंदिर पर पहुंचे और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया। जहां से पीड़ित चंद्र किशोर नंदग्राम थाने में तहरीर देकर दिल्ली लौट गए। पुलिस ने बीएनएस के तहत झपटमारी करने की धारा 304 में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।